हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025


## URMILA MEMORIAL HOSPITAL
200 BEDDED MULTI-SUPER SPECIALITY HOSPITAL


UMH™
आयुष्मान भव:

सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक, सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा




# मधुमेह में रखें अपने पैरों का ख़याल

मधुमेह से डायबिटिक फुट की समस्या उत्पन्न हो सकती है




डायबिटिक फुट की
₹ 10 हजार तक की
जांच नि:शुल्क
दिनांक : 27 दिसम्बर 2025
समय : सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक

पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान

लीवर की नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन जांच
25 दिसम्बर 2025

पेट रोगों हेतु नि:शुल्क इंडोस्कोपी जांच
30 दिसम्बर 2025

NAHAR ROAD, BHATAGAON, RAIPUR (C.G.)
0771-4088820, 9109125524, 9589956859

**खबर संक्षेप**

### भानसोज में आज होंगे विविध कार्यक्रम

**आरंग।** आजाद चौक, भानसोज में 22 दिसंबर को भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक श्रृंखला रखी गई है। आयोजन समिति की ओर से सभी नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है। जयंती समारोह के तहत रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक कला मंच नवां अंजोर (आनंद निषाद, रायपुर) द्वारा लोक संस्कृति से ओत-प्रोत भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक कला, गीत-संगीत एवं पारंपरिक नृत्य के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा। समारोह का मंच संचालन दुलार सिंह बंजारे द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन पलौद में जनवरी में

**आरंग।** गुरु घासीदास सेवा समिति पलौद के तत्वावधान में सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2026 का आयोजन 11 जनवरी को किया जाएगा। यह सम्मेलन मिडिल स्कूल, पलौद (नवा रायपुर, छत्तीसगढ़) में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों ने बताया कि यह परिचय सम्मेलन का तृतीय वर्ष है, जिसमें अविवाहित, विधवा, विधुर एवं परित्यक्ता युवक-युवतियों के लिए निःशुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में योग्य युवक-युवतियों को एक मंच प्रदान कर पारिवारिक जीवन की दिशा में सकारात्मक पहल करना है। सम्मेलन के लिए अग्रिम पंजीयन प्रारंभ हो चुका है एवं पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। आयोजन समिति ने समाज के सभी पात्र युवक-युवतियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### गुरु घासीदास की जयंती डोमा में आज

**आरंग।** ग्राम डोमा प्रतिवर्षानुसार 22 दिसंबर को परम पूज्य गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनेंद्र साहू (पूर्व मंत्री) उपस्थित रहेंगे एवं आयोजक समिति तथा ग्रामवासियों को पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान करेंगे। जयंती समारोह के अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें भुईया के अंजोर छत्तीसगढ़ नाचा गम्मत पार्टी, गांजर तुपकबोरा, बाग़बाहरा, जिला महासमुंद द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक समिति द्वारा क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### सक्ती जिले के प्रवासी मजदूर की केरल में निर्मम हत्या अत्यंत दुखद

**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने केरल में छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर की मॉब लिंचिंग से मौत पर तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, केरल राज्य के पलक्कड़ ज़िले में घटी एक हृदय विदारक घटना में छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के निवासी, प्रवासी श्रमिक रामनारायण बघेल की केवल संदेह के आधार पर कथित रूप से मॉब लिंचिंग कर निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना न केवल मानवता को शर्मसार करने वाली है, बल्कि देशभर में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है।

### ठंड में जरूरतमंदों को सिंधी काउंसिल ने बांटे कंबल

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा केनाल लिंक रोड स्थित भगवान झूलेलाल की मूर्ति के सामने पूज्य राम पंचायत में रविवार को निशुल्क कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, स्व. कांता देवी जसवानी, स्व. राजेंद्र रामनानी, स्व. हरिराम सिदारा की स्मृति में लगातार कंबल बांटे जा रहे हैं।

अभियान : पोलियो जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए हर बार की तरह सजग रहना अनिवार्य

# धरसींवा में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने दी खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां/कूंरा






राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसीवां सहित पूरे विकासखंड में सुरक्षा चक्र का आगाज हुआ। 21 से 23 दिसंबर तक चलने वाले इस त्रि-दिवसीय अभियान के पहले दिन मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढिलेंद्र सेन, सरपंच तिवरैया श्रीमती श्यामा कलानाथ गायकवाड़ और धरसीवां सरपंच श्री साहिल खान ने बच्चों को पोलियो की 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास तिवारी के साथ स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला मुस्तैद रहा। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने पालकों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का बड़ा संदेश दिया। जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढिलेंद्र सेन ने कहा कि आज का दिन हमारे बच्चों के सुरक्षित भविष्य की नींव रखने का दिन है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पोलियो जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए हर बार की तरह सजग रहना अनिवार्य है और यह 'दो बूंद' हमारे बच्चों के लिए एक अभेद्य सुरक्षा कवच की तरह है। उन्होंने सभी पालकों से अपील की कि वे अपने कार्यों को प्राथमिकता न देकर सबसे पहले बच्चों को बूथ तक लाएं, क्योंकि जब तक हर बच्चा सुरक्षित नहीं होगा, तब तक राष्ट्र पूर्णतः सुरक्षित नहीं कहलाएगा।

#### कुरूद-सिलयारी में चला अभियान

इसी क्रम में विकासखंड के अन्य ग्रामों में भी अभियान की जबरदस्त सक्रियता देखी गई। ग्राम पंचायत कुरुद (सिलयारी) में सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू ने टीकाकरण केंद्रों का दौरा कर बच्चों को अपने हाथों से दवा पिलाई। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हर घर तक पहुँचना चाहिए। श्रीमती साहू ने पंचायत स्तर पर संकल्प दोहराया कि कुरुद का एक भी बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे, क्योंकि स्वस्थ बच्चे ही एक सशक्त और उज्ज्वल समाज की नींव होते हैं। उन्होंने विशेष रूप से श्रमिक परिवारों से अपने बच्चों को दवा पिलाने का आग्रह किया।

#### धरसींवा विकासखंड में 150 बूथ

अभियान की तकनीकी जानकारी देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास तिवारी ने बताया कि विकासखंड धरसीवां में कुल 30,859 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पूरे क्षेत्र में 150 बूथ बनाए गए हैं, जो प्रमुख रूप से बस स्टैंड, स्कूलों, आंगनबाड़ियों और चौक-चौराहों पर संचालित हो रहे हैं। अभियान के पहले दिन बूथों पर भारी भीड़ देखी गई, जहाँ मितानिनों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मुस्तैदी से अपनी सेवाएँ दी गईं। स्वास्थ्य विभाग की रणनीति के अनुसार, अगले दो दिनों तक टीमें घर-घर जाकर दस्तक देंगी ताकि कोई भी बच्चा इस महत्वपूर्ण दवा से वंचित न रहे।

#### आरंग में सघन प्लस पोलियो अभियान

**आरंग।** जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू ने सघन प्लस पोलियो अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कोरासी का शुभारंभ किया। बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह अभियान 21, 22 एवं 23 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत ने जानकारी दी कि आरंग विकासखंड में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 48,809 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 231 बूथ केंद्र बनाए गए हैं। जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें अगले दिनों घर-घर जाकर ड्रॉप पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन, बाजार एवं औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष रूप से मोबाइल टीमों की तैनाती की गई है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित न रहे। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच राकेश पटेल, उपसरपंच कृष्णा कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू (ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक) सहित मितानिन संगीता पटेल, मीना सेन, अमरिका साहू, राधिका पटेल, प्रभा साहू एवं सुशीला साहू उपस्थित रहीं।

## रायखेडा मजदूरों के आंदोलन को पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का समर्थन



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा रायखेड़ा के अदानी पावर कंपनी में कार्यरत मजदूरों के द्वारा अपनी 16 सूत्री मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल 14 वें दिन भी जारी रही। गुरुवार को हड़ताल कर रहे मजदूरों के समर्थन में पूर्व CM भूपेश बघेल धरना स्थल पर पहुंचे। श्री बघेल की उपस्थिति में मजदूरों ने रैली निकाली।



रैली में 1600 मजदूरों के साथ उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए। भूपेश बघेल धरना स्थल पर पहुंचे जहां मजदूरों ने उनका जोशीला स्वागत किया। सबसे पहले एटक के केंद्रीय अध्यक्ष ने मजदूरों की 16 सूत्रीय मांगों के लेकर की जा रही हड़ताल के संबंध में भूपेश बघेल को जानकारी दी।

#### छत्तीसगढ़ अब अदानीगढ़ बनता जा रहा

इस अवसर पर भूपेश बघेल ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ अब अदानीगढ़ बनता जा रहा है। उन्होंने कहां की प्रबंधन को मजदूरों के प्रति सहानुभूति पूर्वक विचार कर उनकी मांगों पर ध्यान देना चाहिए. ताकि मजदूर कम पर लौट आए .भूपेश बघेल ने कहा कि दुख इस बातयह है कि यहां के पुलिसकर्मी .तहसीलदार सभी अधिकारी अडानी के लिए काम कर रहे है। श्री बघेल के साथ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, गिरीश देवांगन ,अनीता शर्मा, देवव्रत नायक ,सरपंच दिनेश वर्मा उधोराम वर्मा सहित मजदूर नेता मंच पर उपस्थित थे।

## नवपदस्थ प्राचार्य तिवारी व व्यायाम शिक्षक का स्वागत



**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लंबे अंतराल के पश्चात व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठकों (पूर्व माध्यमिक विद्यालय) को पदोन्नत कर प्राचार्य हाई/हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ किया गया है। इसके अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू में नम्रता तिवारी ने प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। साथ ही व्यायाम शिक्षक के पद पर पदोन्नत होकर खोमन प्रसाद निषाद ने विद्यालय में व्यायाम शिक्षक का कार्यभार ग्रहण किया। लंबे समय बाद पूर्णकालिक प्राचार्य मिलने पर विद्यालय परिवार ने विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर हर्ष व्यक्त करते हुए नवपदस्थ प्राचार्य श्रीमती नम्रता तिवारी एवं व्यायाम शिक्षक खोमन प्रसाद निषाद का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता माणिक लाल मिश्रा, व्याख्यातागण खेमलाल ठाकुर, श्रद्धाकिरण नेताम, सुमन धुरंधर, प्रकाश चंद्र साहू, प्रमिला मेश्राम, श्वेता मिश्रा, द्वारिका प्रसाद दीवान, रजनी बाला भारती, हेमलता नायक, खुलेश नंद देवांगन, डाली चंद्राकर, लोकेश तुरकाने, दुलेश्वरी सोनबेर, चुन्नू यादव सहित छात्र-छात्राएँ शामिल हुए।

### घासीदास जयंती 24 को कुकरा में मनाएंगे

**आरंग।** ग्राम कुकरा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक एकता के वातावरण में मनाई जाएगी। जयंती समारोह का आयोजन 24 दिसंबर को किया गया है, जिसमें क्षेत्रवासियों सहित समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति सादर आमंत्रित की गई है। समारोह का शुभारंभ दोपहर 3 बजे से पंथी नृत्य कार्यक्रमों के साथ होगा। इस अवसर पर सत के दियना पंथी पार्टी (ग्राम रीवा) एवं शान ज्योति पंथी पार्टी (ग्राम कुकरा) द्वारा पारंपरिक पंथी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। अतिथियों का आगमन सायं 6 बजे से प्रस्तावित है। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जय मां शेरावाली नाचा पार्टी, ग्राम मालीभाठा नयापारा (उड़ीसा) द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगा। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु खुशवंत साहेब, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, शामिल होंगे।



## मेहंदी स्पर्धा के विजेता को किया पुरस्कृत

**आरंग।** ग्राम पंचायत गुल्लू में मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बहन-भाभियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति राकेश चंद्राकर (जनपद सदस्य, आरंग), हर्षा चंद्रशेखर साहू (सरपंच), अशोक यादव (पंच), पुष्पा यादव (मंत्री, भाजपा मंडल आरंग) तथा परमेश्वर धीवर उपस्थित रहे। अतिथि अशोक यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मेहंदी कला अब केवल पारंपरिक कला नहीं है, बल्कि यह रोजगार एवं स्वावलंबन का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है। वहीं प्रीति राकेश चंद्राकर ने कहा कि माताएं एवं बहनें अपनी कला को निखारें और भविष्य में इसे आजीविका से जोड़ें।

## भागवत कथा के शुभारंभ में निकाली कलशयात्रा



**आरंग।** ग्राम भिलाई (आरंग) में रविवार को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भव्य जलयात्रा, देव प्रतिष्ठा, पुराण प्रतिष्ठा एवं कथा प्रारंभ संपन्न हुआ। कथा वाचन पं. लक्ष्मीनारायण महाराज (राम मंदिर बिरकोनी) द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह ज्ञान यज्ञ 28 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक आयोजित होगा। कथा मे 22 दिसंबर को परीक्षित जन्म, कपिलदेव एवं ध्रुव चरित्र, 23 को गजेन्द्र मोक्ष एवं भगवान श्री नरसिंह अवतार कथा, 24 को श्री वामन अवतार, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण अवतार कथा, 25 को श्रीकृष्ण बाललीला एवं रुक्मिणी विवाह, 26 को श्री सुदामा चरित्र, 27 को परीक्षित मोक्ष, तुलसी विवाह एवं शोभायात्रा, 28 को गीता प्रवचन, रास पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से प्रतिदिन उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है

## अनिल अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री बने



**चंदखुरी।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अछोली निवासी अनिल सोनवानी को भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल छत्तीसगढ़ का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। अनिल सोनवानी वर्तमान में प्रदेश मीडिया प्रभारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर ग्रामीण के पद पर कार्यरत हैं। वे पूर्व में जनपद पंचायत आरंग के सभापति तथा ग्राम पंचायत अछोली कर्मा के सरपंच रह चुके हैं। श्री सोनवानी ने कहा, मैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री के रूप में मुझे नियुक्त करने के लिए संगठन के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर संगठन ने जो विश्वास दिखाया है। अपनी पूरी निष्ठा, परिश्रम और समर्पण से इस दायित्व का निर्वहन करूंगा।

### रामेश्वरी बाबा आज समाधि से लौटेंगे

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम निनवा में गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामेश्वरी बाबा ने 21 दिसम्बर को सुबह 11 बजे समाधी ली व 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे समाधी से बाहर निकलेगी। जिसे देखने व दर्शन करने बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण पहुंच रहे है। गांव में मेला जैसा माहौल है। इस अवसर पर विभिन्न पंथी नृत्य का आयोजन रखा गया है।



## भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बनीं सविता



**धरसींवा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण देव सिंह ने संगठन में बड़ा विस्तार करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चन्द्राकर को प्रदेश महिला मोर्चा में 'प्रदेश मंत्री' की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सविता चन्द्राकर की इस नियुक्ति से न केवल धरसींवा विधानसभा क्षेत्र, बल्कि पूरे जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। सविता चन्द्राकर क्षेत्र की एक मुखर और सक्रिय जन-प्रतिनिधि के रूप में जानी जाती हैं। जिला पंचायत सदस्य के रूप में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों और संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश स्तर पर यह बड़ी जिम्मेदारी दी है। नाम की घोषणा पर आतिशबाजी कर और मिठाई बांट कर कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी का इजहार किया। श्रीमती सविता चन्द्राकर सभा पति जिला पंचायत रायपुर ने मीडिया से कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास जताने के लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी और शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

## नर्सरी बंद करना बच्चों के भविष्य से खिलवाड़



**चंदखुरी।** प्रदेश सरकार द्वारा RTE (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत निजी स्कूलों में नर्सरी/तैयारी कक्षा को बंद कर बच्चों को सीधे कक्षा 1 में प्रवेश देने के निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। शिक्षा-प्रेमी सामाजिक कार्यकर्ता अनिल टंडन ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह फैसला शिक्षा सुधार नहीं, बल्कि गरीब बच्चों के भविष्य के साथ प्रयोग है। उन्होंने कहा कि "सरकार आंकड़ों की बचत दिखाकर शिक्षा की नींव को कमजोर कर रही है। बिना तैयारी के बच्चों को कक्षा 1 में भेजना उन्हें असफलता की ओर धकेलने जैसा है।" अनिल टंडन ने आगे कहा कि प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 30 हजार गरीब बच्चे RTE के माध्यम से शिक्षा से जुड़ते हैं, जिनके लिए नर्सरी कक्षा सीखने की पहली सीढ़ी होती है। इसे समाप्त कर देना बच्चों के आत्मविश्वास और शैक्षणिक विकास पर सीधा असर डालेगा।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि "नई शिक्षा नीति की बात करने वाली सरकार ने सबसे पहले उसी शिक्षा को कमजोर कर दिया, जो बच्चे के भविष्य की नींव होती है। यह नीति नहीं, केवल खर्च घटाने की कवायद है।

### किसानों एवं समिति प्रबंधक से हुए रूबरू

# खैरखूंट सोसायटी में कांग्रेस ने धान खरीदी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी



किसान कांग्रेस के प्रदेश संयोजक जागेंद्र पांडे, किसान कांग्रेस रायपुर संभाग के प्रभारी दिनेश पांडे व प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने औचक निरीक्षण कर विभिन्न सहकारी समितियों में किसानों एवं समिति प्रबंधक से रूबरू हुए।

पुरे प्रदेश भर में टोकन कटने की समस्या रही। इसके बाद सोसायटी में लिमिट कम करने से औसतन धान खरीदी नही होने की समस्या बनी हुई थी। पिछले दिनों किसान कांग्रेस के पदाधिकारी कलेक्टर एवं एस डी एम को ज्ञापन देकर हर सोसायटी में लिमिट बढ़ाई गई जिसे प्रबंधको ने तारीफ कर धन्यवाद ज्ञापित किया। मोहदा सोसायटी में धान की तौलाई, हमाल की भुगतान राशि के बारे में जानकारी लिया गया।

खैरखूंट सोसायटी में दौरा कर वहाँ की मंडी प्रांगण में सगुनी सरपंच रजत कश्यप ने बताया बड़े किसान की टोकन नही कटने की शिकायत प्राप्त हुई, गिरदावरी में एक खसरा में जमीन के अंतर्गत तालाब या अन्य की रकबा हैं तो बाकी जमीन की रकबा कट जाने की शिकयत मिली। सांकरा सोसायटी में अभी भी खरीदी की लिमिट बढ़ाने के बाद पूरा धान खरीद कर पाना सम्भव नही बताया। रायपुर संभाग प्रभारी दिनेश पांडे ने सभी किसानों एवं समिति प्रबंधको को भरोसा दिया की हम किसानों के हित में लड़ रहे हैं और समस्या की समाधान हर सम्भव करेंगे।

इस अवसर पर अशोक कश्यप, मालिक राम वर्मा, सीताराम साहू, फनेन्द्र भूषण वर्मा, घनश्याम निषाद, संजय वर्मा, श्रीराम वर्मा, सगुनी सरपंच रजत कश्यप, भरत वर्मा, हेमसिंग चौहान, रमेश ध्रुव, उत्तम सिन्हा आदि किसान उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 17.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/ आवेदिका श्रीमती अर्ध अग्रवाल पति स्व. आर्यरत्न अग्रवाल निवासी कंकाली पारा रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 84/2 रकबा 0.1300 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 17/09/2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षक मेरे द्वारा दिनांक 29/12/2025 को 02:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर-09 (तेलीबांधा)

## चकल्लस



### अब नहीं चलेगी बहानेबाजी

सरकारी दफ्तरों के लोगों के पास अपने कामकाज के दौरान बहाने बनाकर गायब हो जाने के सौ तरीके होते हैं। इन बहानों का कोई इलाज नहीं है। आम जनता को तो मानना ही पड़ता है कि बाबू, साहब कोई काम से ही गए होंगे। इस तरह के बहानों में एक ये भी था कि साहब से लेकर बाबू तक दफ्तर से गायब होने के लिए विधानसभा जाने की बात कहकर नदारद हो जाते थे। नवा रायपुर के मंत्रालय से विधानसभा तब 30 किलोमीटर दूर हुआ करती थी, लेकिन अब नवा रायपुर में ही नया विधानसभा भवन बन गया है। साहब और बाबू लोग अब विधानसभा जाने का बहाना नहीं बना सकते।

### जिसने बनाया, उसी ने बिगाड़ा

छत्तीसगढ़ के सियासी हल्कों में एक नारा बड़ा असरदार है, हमने बनाया.. हम ही संवारेंगे। यह बात दरअसल छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के संबंध में है, लेकिन इसके उलट एक और कहानी नवा रायपुर के बनने की है। नवा रायपुर का निर्माण ठेकेदारों ने किया, इसमें दो राय नहीं है, लेकिन इसी नवा रायपुर को जब अरबों रुपए देकर स्मार्ट सिटी बनाने की कोशिश की गई तो मामला फेल हो गया। एक बड़ी जांच रिपोर्ट से ये तथ्य सामने आया है कि यहां स्मार्ट सिटी बनाने का 84 प्रतिशत ठेका एक ही ठेकेदार को दिया गया था। वह रकम लेता गया। काम पूरा नहीं हो पाया, समय बीता और अब योजना बंद हो गई है। दोनों तरह की करनी ठेकेदारों की है। अफसरों का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

### योजना वाले साहब

आज हम आपको एक राज की बात बताने जा रहे हैं। राजधानी के सरकारी स्कूलों में जो नए-नए प्रयोग हो रहे हैं, उसमें जिला शिक्षा कार्यालय का कोई हाथ नहीं है। दरअसल, जिले की दंड एवं न्याय व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी जिस व्यक्ति की होती है, उन्हें शिक्षा में प्रयोग को लेकर इतनी दिलचस्पी है कि हर हफ्ते प्राचार्यों, शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों संग चाय पर चर्चा करने बैठ जाते हैं। अब जिन्हें सच में योजनाएं बनानी चाहिए, वे बैठकर इनका क्रियान्वयन ही कर रहे हैं। वैसे, आपको याद ही होगा... पिछली सरकार के दौरान भी शिक्षा विभाग के एक बड़े साहब अपने प्रयोग के आलोक से शिक्षकों के जीवन का अंधकार दूर किए हुए थे!

### सैंया भए कोतवाल

रविवि की परीक्षाओं में इन दिनों स्टैंडअप कॉमेडी वाला मजा आने लगा है। मतलब परीक्षा चाहे किसी भी विषय की हो, पर्चे वही बांटे जाएंगे, जिस विषय का बांटने का मन हो। किसी में दम हो तो रोककर दिखाए। इसके बाद परीक्षा हॉल में जो सिरदर्द, आरोप-प्रत्यारोप और शिक्षक-छात्र की गंभीर चर्चा शुरू होती है कि पूछिए ही मत। ये गड़बड़ियां शुरू तो पिछले ही साल हो गई थी, लेकिन नई-नई नीति थी तो नई-नई गड़बड़ियों को कॉलेज संचालक माफ कर गए। अब ऐसा कर पाना मुश्किल हो रहा है। कॉलेज प्रबंधन जब रविवि के पास पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि परीक्षा वाले साहब को बड़े साहब का विशेष संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि मनचाहे पर्चे बांट रहे हैं। ठीक ही है... सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का?

### पद पर भारी शहर का प्रेम

शासकीय मेडिकल कालेज रायगढ़ के डीन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग में योग्य चिकित्सक की तलाश शुरू हो चुकी है। वरिष्ठता और अनुभव के आधार पर सबसे योग्य जेएनएम मेडिकल कालेज के लेडी एचओडी को माना जा रहा है। चिकित्सा शिक्षा से जुड़े डाक्टरों का तर्क है कि मैडम को डीन बनाने के लिए विभागीय स्तर पर आम सहमति बन चुकी है। मगर इस पर आदेश जारी करने के लिए एचओडी की हामी का इंतजार है। चर्चा है कि मैडम का शहर से पुराना प्रेम है और किसी हाल पर इसे नहीं छोड़ना चाहती। पूर्व में हुए दो ट्रांसफर को वे जोड़तोड़ कर केंसिल करवा चुकी है और एक बार तो विभागीय हामी के लिए स्वास्थ्यगत कारणों से इस्तीफे की पेशकश भी रख चुकी है।

### आगे पाठ पीछे सपाट

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आगे पाठ पीछे सपाट वाली कहावत को चरितार्थ करने में लगे हुए हैं। राजधानी का सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल अफसरों की इस प्रक्रिया की वजह सुविधायुक्त नहीं हो पा रहा है। कुछ महीने पहले विभागीय मुखिया ने यहां आकर मरीजों की सुविधा के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किया था। इन कार्यों के लिए बजट की व्यवस्था और राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा था। इस बीच दूसरे अफसर निरीक्षण के लिए आ पहुंचे। पुरानी बातों को भुलाकर उन्होंने नई योजनाओं को सहमति दे डाली। पुराने प्रस्ताव सिर खपाने वाले अब नई योजनाओं मसौदा तैयार करने में जुट गए है।

### ऐसे तय होते हैं इनके काम...

अगर किसी के बारे में जानकारी लेनी हो तो लोग माध्यम खोजकर वहां तक पहुंचते और उनके बारे में अवगत होते थे। इंटरनेट के युग में अब खुफिया तंत्र के दिन लद गए हैं। सोशल मीडिया से लेकर अन्य माध्यमों की भरमार है। ऐसे में किसी को गलत ढंग से फंसाने के लिए उसके ही क्षेत्र में सर्वे कराने की बड़ी भूल देखने में आई है। वैसे यह बात हजम होने लायक नहीं है। फिर भी इस मामले में इतने हल्के ढंग से दो साल बाद किया जाना सही नहीं है। बड़े-बड़े खजांची जिनकी जांच से नहीं बच पाए तो तीन बार उनके घर पहुंचकर भी एक तथ्य नहीं मिला तो निजी लोगों को लगा दिया। अब जनता की राय पर लोगों की पसंद-नापसंद जानने का खेल होता है।

### दया, कुछ तो गड़बड़ है....

सीआईडी धारावाहिक में जब भी किसी साजिश का जिक्र होता था तो एसीपी प्रद्युमन का डायलॉग इशारों में होता है। यहां हम आपको बता रहे हैं,आरक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम आने के बाद परीक्षार्थियों ने सीधे तौर पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। अक्सर हर परीक्षा में ऐसी बातें आती हैं। आरक्षक भर्ती में आरोप लगने पर पूरा महकमा सक्रिय हो गया। पूरे एक सप्ताह तक जिले से राज्य स्तर तक सुनवाई हो गई। पुख्ता तथ्य आने से पहले ही पूरा मामला खत्म करने की साजिश हो गई। अब तक वे नहीं समझ पाए कि गड़बड़ी हुई तो है, लेकिन उंगली किस पर उठाएं, इसे लेकर कंफ्यूजन हो गया। परीक्षार्थियों ने अपने इशारे और इरादों से बता दिया... दया, कुछ तो गड़बड़ है।

### नाम के युवा... पर असल में ...

प्रदेश में भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यकारिणी एक बार फिर से विवादों में है। राष्ट्रीय संगठन के फरमान के बाद भी अंडर-35 के स्थान पर ज्यादा उम्र के कई कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बना दिया गया है। खबरी बता रहा था, कुछ तो अधेड़ भी पदाधिकारी बन गए हैं। इसी के साथ कुछ नेताओं के कृपापात्रों को भी पदाधिकारी बनाया गया है। हालांकि यह दावा किया जा रहा है कि सभी से उम्र का प्रमाण लिया गया है, लेकिन गलत प्रमाण देकर कुछ लोग पद पा गए हैं। अब इन पद पाने वालों पर गाज भी गिर सकती है। जिनको पद नहीं मिले हैं, पद पाने वाले ज्यादा उम्रवालों का कच्चा चिट्ठा खोलने की तैयारी में लग गए हैं।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# सोने की तरह चांदी के जेवरों में भी हॉलमार्किंग जरूरी, नए साल से संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सोने के जेवरों के बाद अब चांदी के भी जेवरों में हॉलमार्किंग की तैयारी प्रारंभ हो गई है। संभावना है कि नए साल में चांदी के जेवरों में भी हॉलमार्किंग प्रारंभ हो जाएगी। ऐसा होने से सबसे बड़ा फायदा ग्राहकों को होगा। आज चांदी के जेवरों में हॉलमार्किंग न होने के कारण कारोबारी अपनी मर्जी के मुताबिक पुराने जेवरों में कटौती करके जेवर खरीदते हैं। लेकिन हॉलमार्किंग के बाद ऐसा करना संभव नहीं होगा।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पहले ही निर्देश जारी किया है कि चांदी में अब 6 डिजिट वाली एचयूआईडी हॉलमार्किंग लागू होगी और यही हॉलमार्क वाली चांदी के गहनों की खरीदी बिक्री होगी। इसके साथ ही पुरानी प्रक्रिया पर रोक लग जाएगी। बाजार में व्यापारी व ग्राहक को इससे फायदा ये होगा कि शुद्धता का प्रमाण तय होगा। चांदी के जेवरों में भी सोने की तरह सात श्रेणियां 80.00 से 99.00 फीसदी शुद्धता की रखे जाने की संभावना है। कारोबारियों का कहना है इससे जहां चांदी के गहनों की शुद्धता प्रमाणित होगी, वहीं फर्जीवाड़ा पर भी रोक लगेगी। इसमें ग्राहक बीआईएस के केयर ऐप में हॉलमार्क का डिजिट अपलोड कर आसानी से शुद्धता परख सकेंगे। जैसा कि बीआईएस की ओर से बताया गया है कि सात ग्रेड चांदी ज्वेलरी पर लागू होगा हॉलमार्क। इससे ऐसा अनुमान है कि 80.00, 83.50, 90.00, 92.50, 95.80, 97.00 और 99.00 फीसदी शुद्धता का ग्रेड लागू होगा। यह नई प्रक्रिया नए साल से लागू होने की संभावना है।

## सात श्रेणियों में 80 से 99 फीसदी तक के मानक तय होने की संभावना

### मनमर्जी पर लगेगी रोक

चांदी के जेवरों में हॉलमार्किंग न होने के कारण आज सराफा कारोबारी खासकर ग्रामीण क्षेत्र के मनमर्जी करते हैं और अपनी मर्जी से चांदी के जेवरों में 40 फीसदी तक की कटौती कर देते हैं। ऐसे में ग्राहक पुराने जेवरों को बेचते समय ठगे जाते हैं, लेकिन जेवरों में हॉलमार्किंग होने पर ग्राहकों को भी इस बात की जानकारी रहेगी कि कौन सा जेवर कितना शुद्ध है, ऐसे में उसको खरीदते और बेचते समय इसकी जानकारी होने पर वह ठगा जाने से बचेगा।



### सोने में अब सात श्रेणियां

*सोने में 14,18,20,22,23 व 24 कैरेट के गहने हॉलमार्क वाले ही बिका करते थे अब बीआईएस ने 9 कैरेट वाले सोने को भी इस ग्रेड में ला दिया है। इसके कारण अब सोने में सात श्रेणियां हो गई हैं।*

### ठगे जाने से बचेंगे ग्राहक

*चांदी के जेवरों में भी हॉलमार्किंग लागू होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और ग्राहक ठगे जाने से बचेंगे। ग्राहकों को यह जानकारी रहेगी कि वह कितनी शुद्धता वाले जेवर ले रहे और बेच रहे हैं।*

*-लक्ष्मी नारायण लाहोटी, चांदी के जेवरों के थोक व्यापारी*

## सीएजी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, सुधार के लिए विकल्प के साथ सुझाव भी

# 25 सरकारी कंपनियों को 10 हजार 252 करोड़ से अधिक का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की 25 सरकारी कंपनियों को तीन साल में 10 हजार 252 करोड़ से अधिक का घाटा हुआ है। 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की आडिट जांच (लेखा परीक्षा) से यह तथ्य सामने आया है। महालेखाकार की इस रिपोर्ट में ये भी सिफारिश की गई है कि हानि में चल रही राज्य की सरकारी कंपनियों में निष्क्रिय के कामकाज की समीक्षा कर सकती है। उनके वित्तीय प्रदर्शन में सुधार भी कर सकती है या उन कंपनियों के समापन के लिए जरूरी कदम उठा सकती है।

राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राज्य के पीएसईज) में राज्य सरकार की कंपनियां और सांविधिक निगम शामिल हैं। राज्य के पीएसईज की स्थापना वाणिज्यिक प्रकृति की गतिविधियों चलाने, लोगों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए और राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए की गई थी। मार्च 2023 तक छत्तीसगढ़ में राज्य के 28 पीएसईज थे, जिनमें 27 सरकारी कंपनियां और एक सांविधिक निगम था, जो भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते थे। इनमें से राज्य के 26 पीएसईज कार्यरत थे और दो निष्क्रिय थे। राज्य के कार्यरत 26 पीएसईज में से, राज्य के चार पीएसईज विद्युत क्षेत्र से संबंधित थे।



### डायरेक्टरों ने मीटिंग तक नहीं की

*राज्य के 16 पीएसईज ने निदेशक मंडल की चार बैठकों की अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन नहीं किया। राज्य के 12 पीएसईज में से केवल एक में स्वतंत्र निदेशकों की आवश्यक संख्या उपलब्ध थी। हालांकि, स्वतंत्र निदेशकों ने अलग बैठक आयोजित नहीं की है। राज्य की आठ पीएसईज में से दो में महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं की गई। पूर्णकालिक प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति राज्य के आठ पीएसईज में से केवल चार में की गई और राज्य के 12 पीएसईज में से दो में लेखा परीक्षा समिति का गठन किया गया।*

### 25 कंपनियों का लेखा छह साल से लंबित

सीएजी की रिपोर्ट से इन कंपनियों के वित्तीय प्रबंधन की स्थिति उजागर हुई है। बताया गया है कि 30 सितंबर 2023 के अंत तक राज्य के 25 पीएसईज के 47 लेखे का बैकलॉग था, जिनकी लंबित अवधि छह वर्ष तक थी।

### राज्य की इन कंपनियों ने कमाया लाभ

रिपोर्ट के मुताबिक दर्ज वार्षिक टर्नओवर 42,172.73 करोड़ था, जो छत्तीसगढ़ के जीएसडीपी का 9.22 प्रतिशत था। राज्य के दस पीएसईज ने लाभ (879.22 करोड़) अर्जित किया, जिनमें से शीर्ष पांच लाभ कमाने वाले राज्य पीएसईज, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ राज्य भण्डारगृह निगम, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम थे।

### ये कंपनियां रहीं घाटे में

*राज्य के सात पीएसईज को हानि (1,143.10 करोड़) हुई। राज्य के पांच पीएसईज अर्थात छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड, छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, छत्तीसगढ़ कटघोरा डोंगरगढ़ रेलवे लिमिटेड और छत्तीसगढ़ खरसिया नया रायपुर रेलवे लिमिटेड को 10 हजार 252.86 करोड़ की संचित हानि हुई।*

### सतर्कता तंत्र भी नहीं किया स्थापित

*राज्य के 12 पीएसईज में से केवल एक ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन किया है। राज्य के छह पीएसईज में से किसी ने भी वास्तविक चिंताओं और शिकायतों की रिपोर्ट करने के लिए सतर्कता तंत्र स्थापित नहीं किया है।*

### सीएजी ने की है ये अनुशंसा

*राज्य सरकार सभी हानि में चल रहे राज्य के निष्क्रिय पीएसईज के कार्य की समीक्षा कर सकती है और उनके वित्तीय प्रदर्शन में सुधार या समापन के लिए आवश्यक कदम उठा सकती है। लाभ कमाने वाले राज्य के पीएसईज के लिए लाभांश नीति तैयार कर सकती है।*

# एफसीआई की बैठक में सांसद बृजमोहन सख्त, कहा- समय पर हो धान का उठाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- गोदाम, मिलिंग, रेलवे रैक और गुणवत्ता नियंत्रण पर बड़ा एक्शन, किसानों की परेशानी दूर करने के निर्देश

सांसद एवं छत्तीसगढ़ भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एफसीआई की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से एफसीआई के महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधकों की एक विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर छत्तीसगढ़ में किसानों के हितों से जुड़े महत्वर्ण मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की और अधिकारियों को स्पष्ट व ठोस दिशा-निर्देश दिए।

श्री अग्रवाल ने राज्य में धान एवं चावल उठाव, भंडारण और परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कड़े निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने स्पष्ट कहा, धान का समय पर उठाव और जमा सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी किसान को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में उन्होंने कहा, एफसीआई की भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए नए गोदामों का निर्माण किया जाए, जिससे धान और चावल के सुरक्षित भंडारण में कोई बाधा न आए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों के धान उठाव एवं परिवहन में किसी भी प्रकार की रुकावट या अव्यवस्था स्वीकार्य नहीं होगी। श्री अग्रवाल ने कहा, चावल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंपलिंग मशीनों के माध्यम से परीक्षण किया जाए, ताकि उत्तम गुणवत्ता का चावल आम उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

### एफसीआई की कार्यप्रणाली की समीक्षा

बैठक में उन्होंने चावल के उठाव, परिवहन, गुणवत्ता नियंत्रण और संपूर्ण कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए एफसीआई अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए। सांसद ने खरीदी, भंडारण, परिवहन, मिलिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, रेलवे रैक की उपलब्धता, स्टाफ की कमी सहित एफसीआई की पूरी कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। राज्य में बिलासपुर मंडल के अंतर्गत 14 जिले, दुर्ग मंडल के 14 जिले और रायपुर मंडल के 5 जिलों में से 4 जिलों को मिलाकर कुल 110 डिपो कार्यरत हैं, जिनमें 21 एफसीआई के स्वयं के तथा 89 किराए के डिपो हैं। उन्होंने जिलेवार प्रोक्योरमेंट का विस्तृत ब्योरा मांगा और डिपो में जगह की कमी पर गंभीर चिंता जताई।

# मनरेगा खत्म, अब जी राम जी शुरू, प्रावधान में कई परिवर्तन, बढ़ेगी राज्य की हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- 100 दिन के बजाय नए कानून में इसे बढ़ाकर 125 दिन किया जाएगा

वीबी-जी राम जी विधेयक 2025 के जरिए दशकों पुरानी मनरेगा योजना को बदला गया है। मनरेगा का फोकस अकुशल रोजगार की गारंटी तक सीमित था। नया कानून रोजगार के साथ-साथ आजीविका, गांवों के बुनियादी ढांचे और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देता है। सरकार का दावा है कि यह कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक टिकाऊ और आत्मनिर्भर बनाएगा।

मनरेगा में मजदूरी का खर्च पूरी तरह केंद्र सरकार उठाती थी, लेकिन वीबी-जी राम जी में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ेगी। 60:40 यानी अब छत्तीसगढ़ को योजना का 40 प्रतिशत खर्च खुद उठाना होगा। राज्य सरकार पर इससे वित्तीय दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मनरेगा में ग्रामीण परिवारों को साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी। नए कानून में इसे बढ़ाकर 125 दिन करने का दावा किया गया है। यह बड़ी राहत दिखती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में पहले ही 100 दिन का लक्ष्य ज्यादातर परिवारों तक नहीं पहुंच पाया।

### छत्तीसगढ़ में औसतन सिर्फ 52 दिन का रोजगार

*मनरेगा के 2023-24 के आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में रोजगार सृजन की मात्रा तो अधिक रही, लेकिन प्रति परिवार औसत रोजगार सिर्फ 52 दिन तक सिमट गया। ये आंकड़े मनरेगा की आधिकारिक साइट से लिया गया है। बताया गया है कि कुल मानव दिवस सृजन 1276.63 लाख, रोजगार पाने वाले परिवार 24.77 लाख, औसत रोजगार लगभग 51.6 दिन मिला।*

### खेती के मौसम में नहीं मिलेगा सरकारी काम

नए कानून में किसानों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए बड़ा बदलाव किया गया है। अब कृषि मौसम (करीब 60 दिन) के दौरान सरकारी रोजगार के काम हीं कराए जाएंगे। राज्य सरकारें खुद इन 60 दिनों की अवधि तय कर अधिसूचित करेंगी। इससे खेती के समय मजदूरों की कमी दूर करने का दावा किया जा रहा है। ऐसा करने से ग्रामीण मजदूरों के लिए रोजगार के दिन वास्तविक तौर पर सिमट सकते हैं।

# सक्ती जिले के प्रवासी मजदूर की केरल में निर्मम हत्या अत्यंत दुखद

**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने केरल में छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर की मॉब लिंचिंग से मौत पर तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, केरल राज्य के पलक्कड़ ज़लि में घटी एक हृदय विदारक घटना में छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के निवासी, प्रवासी श्रमिक रामनारायण बघेल की केवल संदेह के आधार पर कथित रूप से मॉब लिंचिंग कर निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना न केवल मानवता को शर्मसार करने वाली है, देशभर में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, मृतक रामनारायण बघेल के शरीर पर 80 से अधिक गंभीर चोटों के निशान पाए गए, जो इस अपराध की भयावहता को स्पष्ट दर्शाता है। ऐसे में इस प्रकरण में त्वरित, निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई की जाए।



# सिख समाज के बच्चों ने निकाली साइकिल यात्रा



**रायपुर।** बाबा तेरा तेरा सेवा दल, चार साहेबजादों की याद में रविवार को बच्चों ने साइकिल यात्रा निकाली, जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और यह यात्रा गुरुद्वारा स्टेशन रोड से दुर्ग नदी मोड़ तक हुई। यह आयोजन गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के शहादत दिवस के अवसर पर किया जाता है, जो धर्म और न्याय के लिए उनके बलिदान को याद दिलाता है। यात्रा को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबड़ा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, परविंदर सिंग भाटिया, इंदरजीत सिंग छाबड़ा, बलवीर सिंह कलसी, सोनू सलूजा आदि ने अरदास कर व झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी स्टेशन रोड के सचिव तेजिंदर सिंह ने बताया कि यह यात्रा तेरा तेरा सेवा दल द्वारा आयोजित यह साइकिल यात्रा का यह 13वां वर्ष है। बच्चों में चार साहबजादों की याद में व धर्म समाज की जानकारी के लिए आयोजित की जाती है, यात्रा के आगे चार साहबेजादों की झांकी व डीजे गाड़ी में चार साहबजादों के शबद प्रसारित किए जा रहे थे, जिससे यात्रा में चल रहे बच्चों में जोश व उत्साह का माहौल था।

# रैम, हार्ड डिस्क, एसएसडी के दामों में अचानक उछाल बढ़ गए दो से तीन गुना दाम, रिपेयरिंग भी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कंप्यूटर में लगने वाले पाट्र्स रैम, हार्ड डिस्क के साथ एसएसडी के दाम अचानक से दो से तीन गुना ज्यादा हो गए हैं। ऐसा होने के कारण कारोबार भी बहुत ज्यादा प्रभावित हो गया है। कंप्यूटरों को असेम्बल करके बेचने वाले कारोबारियों का कारोबार एक तरह से चौपट ही हो गया है। इसी के साथ रिपेयरिंग का काम भी बहुत ज्यादा प्रभावित हो गया है।

यही नहीं डेस्क टॉप और लैपटॉप के दाम भी बहुत बढ़ गए हैं। इसका कोई ठोस कारण नहीं बता पा रहा है, लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि एआई की मांग के कारण ऐसा हो रहा है। कंप्यूटर पाट्र्स बनाने वाली कंपनियों अब ज्यादा ध्यान एआई के डाटा सेंटरों के लिए हाई बैडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) और सर्व ग्रेड चिप्स पर दे रही हैं। जिसके कारण कंप्यूटर के आम चलन वाले पाट्र्स की कमी हो गई है। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर में कंप्यूटर बनाने का कारोबार करने वाले बड़ी संख्या में हैं। आमतौर पर कई कंपनियों में ब्रांडेड से ज्यादा असेम्बल कंप्यूटर की डिमांड रहती है। विद्यार्थियों के लिए भी लोग आमतौर पर असेम्बल कंप्यूटर लेते हैं, क्योंकि ये सस्ते पड़ते हैं। इसी के साथ ब्रांडेड कंप्यूटर भी अगर खराब होते हैं तो उनको बनाने का काम किया जाता है तो उसमें रैम, हार्ड डिस्क या फिर एसएसडी लगाने का काम भी कंप्यूटर बनाने का काम करने वाले सेंटरों में होता है।

### किसके कितने दाम बढ़े

कंप्यूटर में लगने वाली 8 जीबी की रैम के दाम पहले 12 से 14 सौ रुपए थे, इसके दाम अब 45 सौ रुपए हो गए हैं। यानी दाम तीन गुना बढ़ गए हैं। जिस चार जीबी रैम की ज्यादा मांग नहीं रहती थी और इसके दाम महज तीन सौ रहते थे, इसके दाम छह गुना तक बढ़कर आज 18 सौ रुपए हो गए हैं। हाई डिस्क की बात करें तो 500 जीबी की जो हार्ड डिस्क पहले 11 सौ रुपए की आती थी उसके दाम 24 सौ रुपए हो गए हैं। हजार जीबी की हार्ड डिस्क के दाम तीन हजार से साढ़े छह हजार हो गए हैं। 128 जीबी एसएसडी पहले 800 रुपए में मिलती थी इसके दाम दो हजार, 256 जीबी के दाम 12 सौ से बढ़कर 35 सौ और हजार जीबी के दाम 35 सौ से बढ़कर दस हजार हो गए हैं।



### दाम बढ़ने से कारोबार कम

कंप्यूटर पाट्र्स के दाम आसमान पर जाने के कारण इसका धंधा पूरी तरह से चौपट हो गया है। दाम बढ़ने का ठोस कारण कोई नहीं बता पा रहा है। -विकास अवधिया, कंप्यूटर कारोबारी।

### 70 फीसदी धंधा चौपट

कंप्यूटर असेम्बल करने का काम करने वाले बताते हैं कि पहले रायपुर में ही एक माह में हजार से ज्यादा कंप्यूटर असेम्बल करके बिकते थे, आज स्थिति यह हो गई है कि मुश्किल से एक माह में तीन सौ कंप्यूटर बन रहे हैं। यही नहीं रिपेयरिंग का काम भी नहीं के बराबर है। जिनको अपने कंप्यूटर में रैम बढ़ानी है या फिर ज्यादा जीबी की हाई डिस्क की जरूर है वे दाम देखकर अभी काम नहीं करा रहे हैं। जो कंप्यूटर पहले 12 से 13 हजार में असेम्बल करके तैयार हो जाता था, उसकी कीमत अब 20 हजार तक हो गई है। जहां तक ब्रांडेड कंप्यूटर और लैपटॉप का सवाल है तो इसके दाम तीन से पांच हजार तक बढ़े हैं। ज्यादातर कंप्यूटर और लैपटॉप बनाने वाली कंपनियां अपने पाट्र्स खुद बनाती हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 17.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/ आवेदिका श्रीमती अर्ध अग्रवाल पति स्व. आर्यरत्न अग्रवाल निवासी कंकाली पारा रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 84/2 रकबा 0.1300 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 17/09/2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षक मेरे द्वारा दिनांक 29/12/2025 को 02:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक,**
**रायपुर-09 (तेलीबांधा)**

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## स्टेशन में बदलेगी व्यवस्था

*देशभर में जल्द ही नियम को सख्ती से पालन करने स्टेशन में व्यवस्था बदेगी। जानकारी मुताबिक 100 सेमी 60 सेमी 25 सेमी (लंबाई, चौड़ाई, ऊंचाई) तक के आकार वाले ट्रंक, सूटकेस और बॉक्स यात्रियों को व्यक्तिगत सामान के रूप में कोच में ले जाने की अनुमति है। अगर किसी सामान का आकार इन तय मापों में से किसी एक से भी ज्यादा है तो उसे कोच में ले जाने की अनुमति नहीं होगी और ऐसे सामान को ब्रेक वैन या पार्सल वैन में बुक कराना होगा।*

नियमों का नहीं हो रहा पालन





## रायपुर, बिलासपुर में यात्रियों के लगेज का वजन तौलने की कोई व्यवस्था नहीं

लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया- लगेज नियम पहले से तय, हवाई अड्डों की तरह अब सख्ती से करेंगे लागू

# रेलवे में लगेज लिमिट तय, पर वजन नापने का सिस्टम ही नहीं, 40 की जगह 70 किलो के सामान के साथ सफर

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे में यात्रियों के लगेज की सीमा पहले से तय है, लेकिन देश के विभिन्न स्टेशनों की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों में इसका पालन नहीं रहा है। रायपुर, बिलासपुर में यात्रियों के लगेज का वजन मापने की कोई व्यवस्था नहीं है। इस वजह से वर्तमान में यात्री तय सीमा से अधिक लगेज ट्रेन में लेकर सफर कर रहे हैं। रेलवे मंत्रालय ने ट्रेन के सभी क्लास में लगेज को लेकर नियम पहले से बनाकर ▶▶|शेष पेज 12 पर



### रेलवे के लगेज नियम सिर्फ कागजों तक सीमित

रेलवे द्वारा यात्रियों के सामान को लेकर बनाए गए नियमों का मकसद था कि कोच में यात्रियों को सुचारू रूप से बैठने और चलने की पर्याप्त जगह मिल सके, लेकिन यह उद्देश्य धरातल ▶▶|शेष पेज 12 पर

### नियमों की सख्ती से यात्रियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

*रेल मंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि एयरपोर्ट के तर्ज पर लगेज को लेकर जो नियम बने हैं, उसे सख्ती से देशभर में पालन किया जाएगा। लोकसभा में हर क्लास के लिए मुफ्त सामान और अधिकतम सीमा की जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, सेकेंड क्लास में यात्रा करने वाले यात्री 35 किलो तक सामान मुफ्त ले जा सकते हैं और 70 किलो तक सामान शुल्क देकर ले जाने की अनुमति है। स्लीपर क्लास के यात्रियों* ▶▶|शेष पेज 12 पर

### नियम पहले से हैं, कोई बदलाव नहीं

*ट्रेन में सफर के दौरान लगेज को लेकर नियम पहले से बने हुए हैं। इसमें कोई बदलाव नहीं है। फिलहाल इसे लेकर रेलवे बोर्ड की ओर से अभी तक कोई विशेष आदेश नहीं मिला है।*

*- डॉ. सुरकर विपुल विलासराव*
*सीपीआरओ, दपूमरे*

## खबर संक्षेप

### ठंड शबाब पर, सुबह के वक्त घना कोहरा



**रायपुर।** प्रदेश में ठंड अपने शबाब पर है, साथ ही सुबह के वक्त छाने वाले घना कोहरा भी परेशानी का कारण बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा इसे लेकर चौबीस घंटे का अलर्ट भी जारी किया है। अभी अंबिकापुर के सीमावर्ती इलाकों में रिकार्डतोड़ ठंड पड़ रही है। खासकर मैनपाट और जशपुर के डूमरबहार में सुबह ओस की बूंदें बर्फ के रूप में तब्दील हो रही हैं। इस सीजन में ठंड ने अपना जोरदार असर दिखाया है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक पड़ने वाली कड़ाके की ठंड लोगों को प्रभावित करने लगी है। शहर में भी ठंड का खासा असर है। लोगों को रात के साथ दिन में भी गर्म कपड़ों की आवश्यकता पड़ रही है। वहीं सरगुजा के तमाम इलाकों में ठंड से त्राहिमाम जैसी स्थिति बन चुकी है। रातभर कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रभाव के बीच सुबह की धुंध विजिबिलिटी को पूरी तरह समाप्त कर दे रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में भले ही तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा, मगर इसका असर ठंड पर होने की संभावना नहीं है।

### आप के नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के राजेंद्र नगर स्थित नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश प्रभारी डॉक्टर संदीप पाठक और सह प्रभारी मुकेश अहलावत द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक जोन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व राज्यसभा सांसद, प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक और उपनेता विपक्ष दिल्ली सरकार, प्रदेश सहप्रभारी मुकेश अहलावत तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। अगले 3 दिनों में प्रदेश के सभी जोन कार्यकर्ताओं से संवाद कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने कहा, आसपास की समस्याओं को पार्टी उठाएगी और उनके हक के लिए लड़ेगी।

# 400-500 रुपए कीमत के दूध पनीर के नाम पर होटल-ढाबों में खप रहा 200 का एनालॉग, कम लागत में तगड़ा मुनाफा

*चार से छह सौ रुपए किलो तक मिलने वाले दूध पनीर के नाम पर कई होटल-ढाबों में खुलेआम दो सौ रुपए किलो में मिलने वाले एनालॉग को परोसा जा रहा है। नियम के अनुसार होटल एवं अन्य स्थानों के ग्राहकों को इससे बने खाद्य पदार्थ सर्व करने से पहले जानकारी देनी जरूरी है, मगर इसका पालन कहीं नहीं हो रहा है। दिलचस्प बात ये है कि चार साल पहले गजट नोटिफिकेशन के बाद से इसका लायसेंस जारी हो रहा है और सैंपलिंग तथा जांच की कार्रवाई सालभर से की जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पिछले कुछ समय से डेयरियों और फूड प्रोडक्ट कंपनियों में बनाए जा रहे एनालॉग पनीर और खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा उन पर की जा रही लगातार कार्रवाई चर्चा में है। मिल्क पावडर के उपयोग से बनाए जाने वाले इस एनालॉग को सेहत पर विपरीत असर डालने वाला बताया जा रहा है। ऐसे में इसके निर्माण को शासकीय स्तर पर अनुमति देना भी सवालों के घेरे में है। डेयरी एनालॉग पनीर के संबंध में 27 दिसंबर 2021 को जारी नोटिफिकेशन के आधार पर इसके निर्माण के लिए लायसेंस दिया जा रहा है। इस दौरान इस उत्पाद पर एनालॉग का उल्लेख करना ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पिछले चार साल से जारी हो रहा लायसेंस, सैंपलिंग और जांच पर सालभर से जोर


एनालॉग पनीर के लिए प्रशासन ने जारी किए 15 लाइसेंस, अब छापेमारी पर उठे सवाल

स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तो किस्तों में कार्रवाई के बजाय निर्माण बंद कराने की जरूरत

मुंह मीठा कीजिए, पर संभलकर...मिठाइयों के साथ फिर एनालॉग पनीर का पहाड़ मिला

मिल्क पावडर और पाम ऑयल से निर्माण

21 दिसंबर को प्रकाशित खबर

### कैसे करें पहचान

| असली पनीर | एनालॉग |
|---|---|
| नरम | रबर जैसा लचीला |
| दूधिया खुशबू | पाम आयल महक |
| हल्का मीठापन | चिपचिपा स्वादहीन |
| मुलायम और स्पंजी | सख्त और चिकनाई युक्त |

*पानी में रंग बदलाव नहीं स्टार्च के कारण नीला अथवा काला*

### एफएसएसएआई जारी कर रहा नियम

स्वास्थ्य पर एनालॉग पनीर के पड़ रहे विपरीत प्रभाव को देखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा लगातार नियमों में संशोधन किया जा रहा है। इसका उपयोग करने वालों और उत्पाद पर एनालॉग का उल्लेख करने के बाद अब इसकी बिक्री छोटे पैकेटों में किए जाने पर रोक लगाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही इसे दूध पनीर बनाकर बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया जा रहा है।

### कैसे बनता है एनालॉग पनीर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक, एनालॉग पनीर पाम ऑयल (वनस्पति घी) और मिल्क पाउडर से तैयार किया जाता है। यह पनीर पाम ऑयल में मिल्क पाउडर को मिक्स करके बनाया जाता है। जबकि सामान्यतः पनीर दूध से तैयार किया जाता है। एनालॉग पनीर में सामान्य पनीर से ज्यादा सैचुरेटेड फैट होते हैं, साथ ही इसमें पनीर की तरह मिलने वाले पोषक तत्व नहीं होते हैं।

### इनका कहना है

- आहार विशेषज्ञ शिल्पी गोयल के अनुसार एनालॉग पनीर में प्रोटीन की मात्रा नहीं होती, इसलिए यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद नहीं है। इसकी पहचान आसानी से की जा सकती है। इसे पॉम आयल और मिल्क पावडर से बनाया जाता है, जो सेहत पर विपरीत असर डाल सकता है।
- डायटिशियन डॉ. अरुणा पल्टा ने कहा कि केमिकल अथवा कृत्रिम चीजों से बनी कोई भी चीज सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है, एनालॉग पनीर भी कुछ ऐसा ही है। इस पर विस्तृत स्टडी तो नहीं है, मगर वास्तविक खाद्य पदार्थ से नहीं बनने के कारण इसके उपयोग से बचना चाहिए।

### इस तरह का हो सकता है खतरा

- स्टार्च और सिंथेटिक एडिटिव्स की वजह से कब्ज, पेट फूलने जैसी शिकायत
- पॉम आयल के कारण कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोगों का जोखिम बढ़ने का खतरा
- मौजूद वसा के कारण मधुमेह जैसी परेशानियों का जोखिम
- खराब तेल लिवर और किडनी पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला हो सकता है

# पुलिस भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत लेकर गृहमंत्री निवास पहुंचे अभ्यर्थी, वन-टू-वन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर उठ रहे सवालों और शिकायतों के समाधान के लिए रविवार को उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने खुला संवाद कार्यक्रम रखा था। पुलिस आरक्षक भर्ती को लेकर युवाओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपना निवास कार्यालय अभ्यर्थियों के लिए खोल दिया। सुबह से ही बड़ी संख्या में युवा रायपुर पहुंचे और अपनी आपत्तियां, दस्तावेज और आवेदन लेकर गृहमंत्री से मुलाकात की। सीधी सुनवाई के दौरान अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में प्राप्तांकों, मेरिट सूची, जिलेवार चयन और एक अभ्यर्थी के कई जिलों में नाम आने जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। गृहमंत्री ने स्वयं अधिकारियों के साथ शिकायतें सुनते हुए तत्काल परीक्षण और समाधान के निर्देश दिए। गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही है। अभ्यर्थियों की ▶▶|शेष पेज 12 पर



### शाम को जमकर नारेबाजी

गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास पर दिनभर चली चर्चा के बाद शाम 6 बजे पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों ने अचानक ही जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। इससे वहां का माहौल बिगड़ गया। वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने मामले को संभाला और नारेबाजी कर रहे अभ्यर्थियों को गृहमंत्री के निवास से बाहर निकाल दिया।

### गड़बड़ी मिली तो होगी निष्पक्ष जांच

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, यदि किसी भी शिकायत में गड़बड़ी के ठोस प्रमाण सामने आते हैं तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। विजय शर्मा ने भरोसा दिलाया कि शासन युवाओं के भविष्य को लेकर पूरी तरह गंभीर है। भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज अभ्यर्थियों को बुलाया है। प्रावधानों के विपरीत कुछ हुआ है, गलती हुई है तो जरूर कार्रवाई होगी।

### परीक्षा में इन गड़बड़ियों पर ध्यान

आरक्षक भर्ती में एक ही अभ्यर्थी के कई जिलों से फिजिकल टेस्ट पास करने और परीक्षा पास करने का मामला प्रमुखता से उठाया गया। अभ्यार्थियों ने अधिक अंक पाने वाले को चयन से हटाए जाने की शिकायत की। कुछ लोगों द्वारा एक केंद्र में शारीरिक परीक्षा के संबंध में शंका व्यक्त की गई कि परीक्षा में ऐसे लोगों का चयन किया गया, जो शारीरिक परीक्षा में सफल नहीं हुए थे। आयु सीमा में छूट दिए जाने की मांग भी कुछ अभ्यर्थियों ने रखी।




## डिफेंस स्टडी, सांख्यिकी जैसे कई विषयों का संचालन कुछ ही महाविद्यालयों में

# जिनमें सीट नहीं, उन विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा नहीं लेगा पं. रविशंकर शुक्ल विवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए आवेदन जनवरी में प्रारंभ करने की योजना बना रहा है। लेकिन इस बार प्रवेश परीक्षाओं में वे विषय शामिल नहीं होंगे, जिनके गाइड उपलब्ध नहीं है। गाइड नहीं होने के कारण पीएचडी सीट भी उपलब्ध नहीं हो पाती है। ऐसे में विद्यार्थी पीएचडी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित तो होते हैं, लेकिन गाइड नहीं होने के कारण पीएचडी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में प्रवेश परीक्षाओं की कोई अहमियत नहीं रह जाती है। छात्रों को पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए शुल्क देना होता है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद भी सीट नहीं मिलने से यह राशि भी व्यर्थ हो जाती है।

हालांकि पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों का स्कोर कार्ड दो वर्षों तक मान्य होता है, ▶▶|शेष पेज 12 पर



### मांगी गई सीटों की जानकारी

*डिफेंस अकेडमी, सांख्यिकी सहित कई विषय ऐसे हैं, जिनके स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कुछ ही महाविद्यालयों में संचालित हैं। इनके अतिरिक्त कुछ अन्य विषयों में भी यही स्थिति है। इसके अलावा जिन विषयों में पर्याप्त गाइड हैं, उनके अधीन भी* ▶▶|शेष पेज 12 पर

### कड़े हैं नियम

यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार, पीएचडी गाइड के लिए आवश्यक योग्यता संबंधित नियम कड़े हैं। कई शर्तों को पूरा करने पर ही पीएचडी गाइड बनने की पात्रता मिलती है। विश्वविद्यालय या कॉलेज के किसी भी पूर्णकालिक नियमित प्रोफेसर या एसोसिएट प्रोफेसर को पीएचडी गाइड के रूप में मान्यता दी जा सकती है, लेकिन उनके पास पीएचडी की डिग्री होना अनिवार्य है। पीएचडी डिग्री वाले नियमित असिस्टेंट प्रोफेसर भी गाइड बन सकते हैं, लेकिन उनके पास कम से कम 5 वर्ष का शिक्षण या शोध अनुभव होना अनिवार्य है।

# राज्य के बाहर थर्ड पार्टी को बिजली बेचने पर लगेगा क्रॉस सब्सिडी प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विस्तार होने के बाद राज्य सरकार ने 2017 में बनाई सौर उर्जा नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। साथ ही कुछ नए बिंदु भी जोड़े गए हैं। अब राज्य के भीतर किसी तीसरी पार्टी को बिजली विक्रय पर क्रॉस सब्सिडी के चार्जेस छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अधिसूचित रेग्युलेशन के अंतर्गत देने होंगे।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन के लिए सौर ऊर्जा नीति 2017-27 जारी की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव, लागत व्यय में कमी तथा बिजली के क्षेत्र में अपरंपरागत स्त्रोत आधारित बिजली के क्रय की अनिवार्यता हेतु विनियमों में परिवर्तन की वजह से आगामी वर्षों में इस क्षेत्र में निवेश की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा ग्रिड इंटरैक्टिव विकेंद्रित नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत के लिए बनाए गए विनियम एवं राज्य की औद्योगिक नीति में सौर ऊर्जा संयंत्रों के लिए निहित औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन आदि के प्रावधानों को राज्य की प्रभावशील सौर ऊर्जा नीति में समाहित किया जाना जरूरी हो गया है। इसलिए राज्य में सौर विद्युत परियोजनाएं लगाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावी सौर ऊर्जा नीति की आवश्यकता महसूस की गई।

## छत्तीसगढ़ की सौर ऊर्जा नीति में बदलाव

### इसलिए किया गया है बदलाव

सरकार का मानना है कि सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन संयंत्रों के निर्माण में तेजी से तकनीकी उन्नयन होने से सौर ऊर्जा से उत्पादित विद्युत की लागत दर में लगातार कमी आ रही है. इसके कारण निजी क्षेत्र में केप्टिव यूज तथा बिजली की मांग एवं अंतर में कमी लाने के लिए पारंपरिक स्रोत आधारित बिजली के उत्पादन के विकल्प के रूप में सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना महत्वपूर्ण हो गई है। इसलिए लोकहित में राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-27 (यथासंशोधित) में सरकार संशोधन कर रही है।

### अब लगेगा क्रॉस सब्सिडी प्रभार

राज्य के भीतर किसी तीसरी पार्टी को बिजली विक्रय पर क्रॉस सब्सिडी के चार्जेस छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अधिसूचित रेग्युलेशन के अंतर्गत देने होंगे। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में बैंकिग के तहत जमा की गई बिजली की यूनिट्स में से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से वापस प्राप्त की गई बिजली की यूनिटों के समायोजन उपरांत अतिशेष बिजली की यूनिटों का निपटारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी विनियम के प्रावधान अनुसार किया जाएगा।

### अब नीति में शामिल होंगे ये बिंदु

राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-27 की शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन ने नीति में संशोधन किया है। यह तत्काल प्रभावी होगा। छत्तीसगढ़ राज्य की सौर ऊर्जा नीति, 2017-30, 31 मार्च 2030 तक अथवा नई सौर ऊर्जा नीति के जारी होने तक, जो भी पहले हो, की अवधि तक प्रभावशील रहेगी।

# केमिस्ट भर्ती में 51% नदारद पूछा-रायपुर का नाम किस पर?

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को आयोजित केमिस्ट भर्ती परीक्षा में 51% अभ्यर्थी नदारत रहे। परीक्षा के लिए 10150 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, लेकिन आधे से अधिक के परीक्षा में शामिल नहीं होने के कारण कई केंद्र खाली-खाली रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के 5 जिला मुख्यालयों में इसके लिए केंद्र बनाए गए थे। ठंड अधिक होने के कारण परीक्षार्थियों को पूरी बांह और किसी भी रंग के स्वेटर पहनने की छूट दी गई थी। हालांकि जांच के दौरान इन्हें उतारकर तलाशी ली गई। रविवार को हुई परीक्षा में किसी तरह के विवाद की स्थिति निर्मित इसे लेकर निर्मित नहीं हुई। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों की प्रतिक्रिया इसे लेकर मिलीजुली रही। कुछ परीक्षार्थियों ने प्रश्नों को औसत बताया तो कुछ के अनुसार प्रश्नपत्र का एक हिस्सा उलझाने वाला रहा। सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी अन्य भर्ती परीक्षाओं की तुलना में जटिल रहे।

- **व्यापम ने 5 जिलों में बनाए थे परीक्षा केंद्र**

## निधन

### उत्तम प्रसाद पांडेय



रायपुर। बजरंग नगर समता कॉलोनी निवासी उत्तम प्रसाद पाण्डेय देवादा वाले (65) का 21 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी।

### सुलोचना चंद्रवंशी



रायपुर। सुंदर नगर त्रिमूर्ति चौक निवासी सुलोचना चंद्रवंशी (75) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को सुबह 12 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. रोहिणी कुमार चंद्रवंशी की पत्नी, अपेक्स बैंक के डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी एवं जितेश चंद्रवंशी की माता थीं।

### रत्ना शुक्ला



रायपुर। पुरानी बस्ती कोहका भिलाई निवासी रत्ना शुक्ला (67) का 21 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया जाएगा। वे डॉ. श्रवण कुमार शुक्ला की पत्नी, देवेंद्र शुक्ला, यामिनी एवं श्वेता शर्मा की माता थीं।

### सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव



रायपुर। सुंदरनगर आदर्श चौक निवासी सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक एफसीआई सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव का 21 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अभिषेक श्रीवास्तव के पिता और अरविंद वर्मा, राकेश वर्मा के ससुर थे।

### मयंक सोनी



रायपुर। बिजली ऑफिस चंगोराभाठा निवासी मयंक सोनी का 21 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे पीयूष सोनी के बड़े भाई थे।

# म्यूल अकॉउंट, शेयर ट्रेडिंग और फेक सिम मामले में 28 जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेंज साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग प्रकरणों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के 28 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। साथ ही जालसाजों के अकॉउंट में जमा दो करोड़ रुपए होल्ड कराए हैं।

- **सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया**

रेंज साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के जिन मामलों का खुलासा किया है, उनमें म्यूल अकॉउंट के साथ फर्जी सिम उपलब्ध कराने वालों समेत शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों को रेंज साइबर पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। जालसाजों को गिरफ्तार करने रेंज साइबर पुलिस की आठ टीमें गठित की गई थीं।

***एक हजार से ज्यादा प्रकरण दर्ज :*** म्यूल अकॉउंट के आरोप में पुलिस ने जिन 25 लोगों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों द्वारा उपलब्ध कराए गए अकॉउंट से पौन करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन किया गया है। देश के अलग-अलग राज्यों में उन म्यूल अकॉउंट के खिलाफ एक हजार 236 ठगी के अपराध दर्ज हैं।







### 41 सिम से 18.5 लाख की ठगी

एक अन्य प्रकरण में रेंज साइबर पुलिस ने मध्यप्रदेश के जालसज को गोवा से गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस की तकनीकी टीम ने पड़ताल कर जानकारी जुटाई है, उसके मुताबिक, जालसाज विभिन्न कंपनियों की सिम बिक्री करता है। जालसाज ने फर्जीवाड़ा कर 41 सिम अन्य जालसाजों के पास बिक्री किए थे। जालसाजों ने उस फर्जी सिम की मदद से 18.52 लाख की ठगी की है। रायपुर के एक युवक को शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 44 लाख की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश तथा भिलाई के दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है।

### गिरफ्तार आरोपी

शुभम साहू, पुलकित कुकरेजा, रोहित पीरमानी, प्रवीण सोनी, अब्दुल हिदायत खान, शुभम नागवानी, दफ्तारी दीप, पोषण ओझा, संभव यादव, मनीष कुमार सेन, योगेश यादव, मनीष मेश्राम, अजय कुमार, प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र कुमार देशमुख मनोज वर्मा, कृष्णा निषाद, प्रतीक कुमार श्रीवास, रूपेश सिन्हा, पवन सदानी, गोपी वर्मा, नारायण कोसरिया उर्फ गोलू, मनीष बुलानी, क्रिस्टोफर लॉरेंस, रवि वाधवानी, कंवलजीत सिंह, उज्ज्वल जायसवाल, रामकृष्ण कुशवाहा।

# बदमाश पुलिस को दे रहे चुनौती, टेक्नो पार्टी में मारपीट, युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के अलग अलग थाना क्षेत्रों में आए दिन चाकूबाजी और मारपीट की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के नवा रायपुर स्थित एक होटल में टेक्नो पार्टी में शनिवार देर रात बदमाशों ने जमकर हंगामा करते हुए दो लड़कों की बुरी तरह पिटाई की। एक अन्य मामले में दो बदमाशों ने मामूली विवाद में एक युवक तथा उसके साथी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया।

- **मंदिर हसौद, डीडी नगर थाना क्षेत्र की घटना**

नवा रायपुर स्थित ऐलसवेयर होटल में चल रही एक हाई-प्रोफाइल टेक्नो पार्टी में राहुल गावली अपने साथियों के साथ मिलकर शुभम लेखवानी तथा उसके साथी के साथ लाठी डंडे से जमकर मारपीट करते हुए होटल में तोड़फोड़ की। घटना का सीसीटीवी फूटेज सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात तेज संगीत के बीच अचानक हंगामा शुरू हुआ और कुछ ही देर में पार्टी का माहौल भयावह हो गया। आरोपियों ने खुलेआम लाठी, डंडों से हमला किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए, वहीं होटल स्टाफ और पार्टी में शामिल लोगों में दहशत फैल गई।



### पुलिस पहुंची आरोपी फरार

सूचना मिलते ही मंदिर हसौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। प्रारंभिक जांच में होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की पहचान और उनकी गतिविधियों का पता लगाया जा सके।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता- गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## पेज 11 के शेष ...

### रेलवे में लगेज ...

रखे हैं। हरिभूमि ने रविवार को यात्री लगेज को लेकर जब पड़ताल की तो पता चला कि स्लीपर क्लास के यात्रियों के लिए 40 किलो तक सामान ले जाना निशुल्क है, लेकिन यात्री बोरियों में अनाज समेत भारी वजन वाले सामान लेकर यात्रा करते नजर आए। इसी तरह सेकेंड क्लास में यात्रा करने वाले यात्री 35 किलो तक सामान मुफ्त ले जा सकते है, लेकिन हकीकत में यात्री तय सीमा से अधिक लगेज कोच में लेकर जाते हुए दिखे। बता दें कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बीते दिन लोकसभा को बताया था कि ट्रेन से यात्रा के दौरान तय मुफ्त सीमा से ज्यादा सामान ले जाने पर यात्रियों को शुल्क देना होगा।

### रेलवे के लगेज ....

पर पूरा नहीं हो पा रहा है, क्योंकि इन नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए स्टेशनों पर कोई ठोस व्यवस्था ही नहीं बन पाई है। नतीजतन अधिकांश यात्री तय सीमा से अधिक सामान लेकर सफर कर रहे हैं। इससे ट्रेन के कोच में भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है।

### नियमों की सख्ती ....

के लिए 40 किलो सामान मुफ्त है और अधिकतम सीमा 80 किलो तय की गई है। एसी थ्री टियर और चेयरकार के यात्रियों को 40 किलो तक सामान मुफ्त ले जाने की अनुमति है और यही उनकी अधिकतम सीमा भी है। फर्स्ट क्लास और एसी टू टियर में यात्रा करने वाले यात्री 50 किलो तक सामान मुफ्त ले जा सकते हैं और अधिकतम 100 किलो तक सामान ले जाने की अनुमति है। एसी फर्स्ट क्लास के यात्रियों के लिए 70 किलो तक सामान मुफ्त है और अधिकतम सीमा 150 किलो तय है। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि कि तय मुफ्त सीमा से ज्यादा सामान यात्री अपने साथ कोच में रख सकते हैं, लेकिन इसके लिए निर्धारित दर से 1.5 गुना शुल्क देना होगा।

### 400-500 रुपए कीमत ..

अनिवार्य किया गया। इससे संबंधित खाद्य पदार्थ बनाने वालों को भी इस बात की हिदायत दी गई है कि ग्राहकों को सामान देने से पहले इसके बारे में जानकारी दी जाए। प्रदेश के होटल-ढाबों और रेस्तरां में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। आने वाले ग्राहकों को छह सौ रुपए किलो तक मिलने वाले पनीर के नाम पर दो सौ रुपए वाले एनालॉग पनीर से बने खाद्य पदार्थ परोसे जा रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि उत्पाद इकाईयों को जांच दायरे में लाने वाली खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इन होटलों और ढाबों में जाकर जांच नहीं कर रही है।

### पुलिस भर्ती में ....

मांग पर सभी जिलों के उम्मीदवारों के अंक सार्वजनिक किए गए हैं, जिन्हें वेबसाइट और क्यूआर कोड के माध्यम से देखा जा सकता है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया में एक अभ्यर्थी के कई जिलों में चयन को लेकर फैले भ्रम पर भी चर्चा हुई। गृहमंत्री ने दोहराया कि अभ्यर्थी का अंतिम चयन केवल एक ही जिले में होगा। अन्य जिलों में प्रतीक्षा सूची के आधार पर मेरिट के अनुसार युवाओं को मौका दिया जाएगा। गृहमंत्री ने कहा, किसी के साथ अन्याय नहीं होगा, इस बात का सरकार भरोसा दिलाती है। ***5967 पदों के लिए हुई थी भर्ती परीक्षा:*** पुलिस आरक्षक भर्ती के तहत 5,967 पदों के लिए लगभग 7 लाख आवेदन प्राप्त हुए। ***पहले भी हुई थी एडीजी स्तर पर सुनवाई :*** उल्लेखनीय है कि इससे पहले 19 और 20 दिसंबर को पुलिस मुख्यालय में एडीजी एसआरपी कल्लूरी द्वारा अभ्यर्थियों की शिकायतों की सुनवाई की गई थी। वहीं 12 से 14 दिसंबर तक जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षकों से भी शिकायतें की गई थीं।

### जिनमें सीट नहीं, उन ....

लेकिन शोधकार्य की अवधि भी सामान्यतः तीन वर्ष तक होती है। ऐसे में शीघ्रता के साथ सीट रिक्त नहीं हो पाती है। दो वर्ष तक इंतजार करने के बाद भी छात्रों को शोधकार्य के लिए गाइड नहीं मिल पाते हैं।

### मांगी गई सीटों ....

पहले से छात्रों द्वारा शोधकार्य किए जाने के कारण कई वर्ष सीट रिक्त नहीं हो पाती है। विवि प्रबंधन द्वारा सभी महाविद्यालयों से इस संदर्भ में जानकारी मांगी गई है। किस महाविद्यालय में किन-किन विषयों के प्राध्यापक गाइड बनने योग्य हैं तथा उनके अधीन कितनी सीटें खाली हैं, इसकी जानकारी प्रबंधन को देनी होगी।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर

ऑन लाईन स्पेशल ₹699 एवं उससे अधिक वाली

एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन

इलास्टिक वाली फिटेड सिंगलबेड 3 बेडशीट ₹449 में




size 140 cm x 190 cm

अविश्वसनीय रेट ऑफर...

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

Only at : रायपुर – बैजनाथ पारा ● सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी
139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी ● न्यू राजेन्द्र नगर ● मेन रोड, लाखेनगर

5% CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.

*condition apply

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



मेगा हेल्थ कैंप में 1200 बच्चों को मिली ...

लाइव इवेंट

## व्यापार, उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने लगेगा कॉस्मो एक्सपो



**रायपुर।** कॉस्मो एक्सपो 2026 की तैयारियों को एक बड़ी मजबूती देते आयोजकों की टीम ने हाल ही में सीएम विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट करके उन्हें व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया। व्यापार, उद्योग, उद्यमिता और समग्र विकास को बढ़ावा देने की दिशा में बेहतर पहल होने वाली है। कॉस्मो एक्सपो के चेयरमैन रोटेरियन सौरभ सोनी ने बताया की यह मुलाकात एक ऐतिहासिक आयोजन के संकल्प को और सशक्त करती है। सीएम के मार्गदर्शन और टीम के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन न केवल व्यापार और उद्योग को नई दिशा देगा, बल्कि सामाजिक सरोकारों के साथ राज्य के विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा। रोटरी कॉस्मो के वर्तमान अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने यह जानकारी सीएम को दी।

### मोबाइल आई केयर वैन को हरी झंडी दिखाने आग्रह

इस अवसर पर अजय गोयल, आशीष अग्रवाल, रोहित जैन, सुबोध सोमानी, पीयूष सुराणा, राहुल फ़रमानिया, हरीश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल ने विस्तार से चर्चा के दौरान बताया कि वर्तमान में शहर के 5 शासकीय शाला का जीर्णोद्धार करके आने वाले छात्रों को बेहतर सुविधा मुहैया करवा रहे हैं। टीम कॉस्मो ने छत्तीसगढ़ के लिए विकसित मोबाइल नेत्र जांच वैन के बारे में जानकारी दी। इसका उद्देश्य दूर-दराज़ और जरूरतमंद क्षेत्रों तक नेत्र चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है। टीम ने जनहितकारी पहल को प्रोत्साहित करने सीएम से मोबाइल आई केयर वैन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करने का आग्रह भी किया।

मसीह समाज द्वारा प्रभु यीशु के जन्म उत्साह के अवसर पर शहर में निकाली गई भव्य क्रिसमस सद्भावना रैली

# क्रिसमस रैली में पहुंचे सांता क्लॉज, स्वर्ग दूतों की झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

शहर में क्रिसमस सेलिब्रेशन को लेकर उत्साह व आनंद का वातावरण नजर आने लगा है। गिरजाघरों में प्रभु यीशु के जन्म चरनी बच्चों द्वारा माता मरियम, पालक पिता जोसेफ, बालक यीशु एवं स्वर्ग दूतों की झांकी सजाई गई है। इसी कड़ी में रविवार को मसीह समाज द्वारा शहर के गिरजाघरों से सद्भावना क्रिसमस रैली भी निकाली गई। इसमें प्रभु यीशु मसीह के जन्म के वचनों का समाज को संबोधन, क्रिसमस कैरोल गीत गायन और सर्व धर्म सद्भाव, भाईचारे का संदेश दिया गया।



**रायपुर।** गिरजाघरों में 25 दिसंबर को क्रिसमस सेलिब्रेशन को लेकर ख्रीष्ट जन्मोत्सव आराधना में यीशु मसीह के जन्म की कहानी, कैरोल गायन और बाइबिल के पवित्र पाठ सहित क्रिसमस जलसा, नौ पाठ की आराधना, प्रभु भोज की आराधना, मिड नाइट आराधना, क्रिसमस रैली, वॉच नाइट सर्विस, खेलकूद, प्रीति भोज जैसे विविध कार्यक्रमों की धूम मच रही है। क्रिसमस को लेकर चर्च में रिहर्सल व साज-सजावट पूरी हो चुकी है। वहीं, क्रिसमस रैली में मसीह समाजजन, बच्चे, महिलाएं, युवा, पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली में सांता क्लॉज के गेटअप में बाइक, ऊंट और कार की सवारी आकर्षण का केंद्र बनी। क्रिसमस व सर्वधर्म सद्भावना रैली में क्रिसमस सेलिब्रेशन को लेकर गजब का उत्साह व आनंद मसीहजन के चेहरे पर नजर आया।

### क्रिसमस रैली की झांकी में प्रभु यीशु मसीह के वचन

*आपसी भाईचारा, मानव प्रेम, विश्व शांति के उद्देश्य को लेकर एक विशाल झांकी बना कर क्रिसमस रैली निकाली गई। क्रिसमस रैली शहर के मुख्य मार्ग बैनर बाजार से शैलेन्द्र नगर, टैगोर चौक, मदर टेरेसा आश्रम चौक, संत कंवर चौक, शहीद भगत सिंह चौक, संत कबीर चौक, स्व. विद्याचरण शुक्ल चौक, महिला पुलिस थाना चौक से होती हुई संत जोसेफ महा गिरजाघर में प्रवेश किया। टैगोर नगर चौक में पल्ली पुरोहित रेव्ह फादर जांन जेवियर, मदर टेरेसा आश्रम चौक में विकर जनरल रेव्ह फादर सवेस्टीयन, भगत सिंह चौक में रेव्ह फादर जान जेवियर, कबीर चौक में फादर जोसेफ एंथोनी, स्व. विद्याचरण शुक्ल चौक में फादर अमर दिप ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म के वचनों पर प्रकाश डालते हुए समाज को संबोधित किया।*

### इधर क्रिसमस को लेकर बाजार में भी रौनक





क्रिसमस सेलिब्रेशन के रंग में शहर की बाजार पूरी तरह से रंगा हुआ है। बाजारों में जमकर क्रिसमस की खरीदारी लोग करने पहुंच रहे हैं। क्रिसमस ट्री, प्रभु यीशु के जन्म की आकर्षक तस्वीरें, ग्रीटिंग काडर्स सांता क्लॉज के ड्रेस, पुतले, सजावटी सामान, उपहार खरीदने लोगों की भीड़ इन दिनों जुट रही है। सांता क्लॉज के नए व किराए पर ड्रेसेस की भारी डिमांड हो रही है। सांता की ड्रेस बाजार में 250 रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक में उपलब्ध है। वहीं, पुरानी बस्ती रोड पर कई ड्रेस किराया भंडार की दुकानें हैं, जहां बच्चों के लिए सांता की ड्रेस 200 से 500 रुपए में प्रतिदिन के रेंट पर मिल रही है।





### छत्तीसगढ़ी, सादरी और उरांव में क्रिसमस केरोल की गूंज

क्रिसमस के अवसर पर सेंट पॉल्स कैथेड्रल से निकली सद्भावना सर्व धर्म रैली में सभी धर्मों के गुरुओं और प्रतिनिधियों ने मसीहीजनों का स्वागत आतिशबाजी और फूल वर्षा से किया। बिशप सुषमा कुमार और पादरियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ी, सादरी और उरांव में अंबिकापुर सीएनआई चर्च के गायन दल ने ढोल मांदर की थाप पर क्रिसमस कैरोल गाकर समा बांध दिया। सद्भावना सर्व धर्म रैली के कन्वीनर जॉन राजेश पॉल और नितिन लॉरेंस ने बताया कि रैली में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व विधायक चंद सुंदरानी और अमित जोगी, पद्मश्री जीडीएस भारती, शहर काज़ी मौलाना आरिफ अली फारूखी, मिलना अलीमुद्दीन, छत्तीसगढ़ सिख समाज के अध्यक्ष सुखबीर सिंघोत्रा, स्वर्ण सिंह चावला ने शुभकामनाएं दीं।

सिटी इवेंट

## शराब छोड़ने और प्लास्टिक हटाने छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली



**रायपुर।** शराब छोड़ो, प्लास्टिक हटाओ और हेलमेट पहनो, इन तीनों महत्वपूर्ण संदेशों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सरोरा में भारत स्काउट गाइड फेलोशिप छत्तीसगढ़ द्वारा महाविद्यालयीन छात्रों के साथ जागरूकता रैली एवं अभियान चलाया गया। विकास शिक्षा महाविद्यालय के छात्र-अध्यापकों ने शराब की बुराई, हेलमेट की अनिवार्यता, जल है तो कल है तथा स्वच्छ भारत जैसे विषयों पर संदेश देते हुए तख्तियों के साथ ग्राम की गलियों में रैली निकाली। साथ ही गांव के चार प्रमुख चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। भारत स्काउट गाइड फेलोशिप छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला एवं विकास शिक्षा महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती संगीता दुबे ने कहा कि सामाजिक जागरूकता अभियानों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। नुक्कड़ नाटक को लोग ध्यानपूर्वक देखते हैं और समझकर उसे अपने जीवन में अपनाते भी हैं।

### घर-घर कपड़े की थैली वितरित

प्लास्टिक मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत घर-घर कपड़े की थैली वितरित कर प्लास्टिक हटाओ अभियान भी चलाया जा रहा है। जागरूकता रैली को स्काउट-गाइड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने संबोधित कर हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में ग्राम प्रमुख महेंद्र अग्रवाल, भक्तु दाऊ, सरपंच श्रीमती उमेश्वरी साहू, उप सरपंच, पंचगण एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक हेमलता साहू, वर्षा अग्रवाल, अनुकृति शुक्ला, डेनिता साहू, डोलेश्वरी होता, प्रदीप प्रधान, उमेश साहू, बृजेश, स्काउट सचिव गायत्री सिंह, अखिलेश आमदे, गोवर्धन, आनंद पांडे, सुदीप यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। साथ ही विकास शिक्षा महाविद्यालय के प्रथम सेमेस्टर के छात्र-अध्यापक जस्मी साहू, प्रेम शंकर कौशिक, नीरज साहू, सुष्मिता, अंजलि, दिव्या, हिमानी, वैष्णवी, विकास, बिष्टी आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

### नवरंग पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज

**रायपुर।** नवरंग पब्लिक स्कूल द्वारा 17वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सोमवार को दोपहर 12 बजे से कर्मा धाम, हनुमान नगर में किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता रमेश सपहा (पार्षद वार्ड क्रमांक 60) करेंगे। उक्त जानकारी आदित्य पाण्डेय (अध्यक्ष प्रियवंदा लोक कल्याण समिति) ने दी। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी सहित उनके पालक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। वहीं, स्कूल के बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों व सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद के विजेताओं का सम्मान पुरस्कार वितरण कर किया जाएगा।

## वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में 1200 रोटेरियन जुटे, सेवा और कला का हुआ संगम



**रायपुर।** रविवार को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 की वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस 'संगम मित्रों का' संपन्न हुआ। रोटरी क्लब धमतरी के तत्वावधान में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन में हुआ। इसमें देश के विभिन्न प्रांतों से आए 1200 से अधिक रोटेरियन ने सहभागिता की और भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के सामूहिक संकल्प के साथ सम्मेलन से विदा ली। डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन एवं को-चेयरमैन रोटे पंकज माहेश्वरी ने बताया कि यह सम्मेलन रोटरी के सेवा आदर्शों, आपसी सौहार्द और नेतृत्व विकास का सशक्त मंच सिद्ध हुआ। विभिन्न तकनीकी सत्रों, विचार-विमर्श एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियों के माध्यम से रोटरी की भावी योजनाओं और समाजोपयोगी परियोजनाओं पर गहन मंथन किया गया। वहीं, दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में 6 वर्ष बाद रायपुर पधारे रोटेरियन के मनोरंजन के लिए विशेष छत्तीसगढ़ व ओडिशा के पारम्परिक नृत्य समूह, मैजिशियन, कॉमेडियन, बॉलीबुड व टीवी जगत के मशहूर कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति हुई। सम्मेलन के अंतिम दिन आयोजित 'रेथम ऑफ रोटरी' सांस्कृतिक स्पर्धा में विभिन्न राज्यों के रोटरी क्लबों की सृजनात्मकता और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को मंच से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

### समूह नृत्य से बांधी समां

इस स्पर्धा से प्रतिभागियों को जहां एक तरफ राष्ट्रीय स्तर के मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिला, वहीं इनमें उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ। टीम अमित के 50 सदस्यों ने कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. पीहू जयासवाल के निर्देशन में समूह नृत्य की प्रस्तुति देकर सभागार में उपस्थित सदस्यों में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। प्रसिद्ध कलाकार अंजना चांडक ने इस एकल-नाट्य में द्रौपदी के बहुआयामी स्वरूप को आधुनिक दृष्टि व मनःस्थिति से साकार किया।

## शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**रायपुर।** राधामोहन इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूजिक की ओर से पं. मोहनभाई राठौड़ स्मृति शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता 'मोहनम' का आयोजन रविवार को सिविल लाइन स्थित वृन्दावन सभागार में किया गया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपनी सुन्दर और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात किशोर वर्ग के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न रागों में की गई इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों से भरपूर




तालियां बटोरीं। राग यमन से लेकर राग आसावरी और भैरवी में दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

समता कॉलोनी स्थित श्रीरामनाथ भीमसेन भवन में सुबह 10 से रात 10 बजे रही श्याम महोत्सव की धूम


# जीवंत झांकी में राम संग पहुंचे भक्त हनुमान खाटू श्याम के भजनों पर दरबार में झूमे लोग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** श्री श्याम महोत्सव के लिए समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन भवन में प्रभु श्याम का दिव्य दरबार भक्तों ने फूलों से सजाया। इसमें दिल्ली के मोहित और रिया ग्रुप ने कथा प्रसंगों से जुड़े संवादों और गीतों के साथ जीवंत झांकी में राम संग भक्तों के बीच हनुमान भी पहुंचे। वानर सेना ने भक्तों के बीच लीला करते हुए उत्साह का माहौल निर्मित किया। कुछ इसी तरह के माहौल में भक्तिभाव से ओतप्रोत भजनों की श्रृंखला सजाने के लिए अलग-अलग राज्यों और शहरों से सिंगर्स का ग्रुप भी लोगों के बीच भजनों की ऐसी तान छेड़ी की, हर वर्ग के लोग दरबार आस्था में भावविभोर होकर झूमते हुए नजर आए। 'करने वाले श्याम-कराने वाले श्याम..., जिन्हें हारे का सहारा कहा जाता है..., जैसे भजनों से रविवार को 23वें श्री श्याम महोत्सव में श्याम प्रभु के भक्तों के बीच श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह श्याम बाबा की अखंड ज्योत प्रज्जवलन के साथ श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ।







### सेवा और सामाजिक समरसता का समागम

श्याम परिवार समिति की ओर से इस महोत्सव को यादगार बनाने का अच्छा प्रयास किया गया था। दरबार में उमड़े श्याम बाबा के भक्तों का उत्साह देखकर ऐसा लग रहा था, जैसे इस दिन का उन्हें इंतजार था। समिति ने भी इतनी सुंदर व्यवस्था दी कि आयोजन स्थल पर भक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता का समागम का माहौल बना। जहां सब केवल श्याम भक्त ही थे। महोत्सव की शुरुआत अखंड ज्योत प्रज्जवलन और आरती से की गई। श्री श्याम बाबा खाटू वाले के अलौकिक श्रृंगार की एक झलक पाने के लिए भक्तों की कतार लगी। अलग-अलग खंडों में श्याम रसोई, छप्पन भोग, इत्र वर्षा, आरती भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

### भजनों के बीच गूंजा श्री श्याम का जयघोष

दिल्ली से आए रिया मनोज ग्रुप ने सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया। यह महोत्सव का मुख्य आकर्षण भी था। इनकी प्रस्तुति के बाद भजन गायकों ने गीत-संगीत से धूम मचाई। इसमें प्रमुख रूप से संजय सेन (सूरजगढ़), धर्मेन्द्र पांडेय (सुल्तानपुर), ज्योति पाल (ग्वालियर), सोनाली नागेश्वर (बालाघाट) और कुछ स्थानीय कलाकारों ने भी मंच साझा किया। भजन गायकों की ओर से प्रस्तुत पंक्तियां ऐसी थी कि श्याम भक्त भी उनके साथ सुर-ताल मिलाते दिखे। उन्होंने अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से पूरे समय श्रद्धालुओं को बांधे रखा। बीच-बीच में भक्तों की ओर से श्री श्याम-श्री श्याम की गूंज सुनाई पड़ती थी।

### खाटू की महिमा है न्यारी-बजाओ श्याम

श्याम बाबा की महिमा, दया, करुणा व प्रेम को न जाने कितने रूपों में भजनों के माध्यम से पिरोया गया। जब गायकों ने गाया कि.. 'कीर्तन की ये रात बाबा-आज थाने आनो हे, सांवरे की महफिल को-सांवरे को संजाना है, खाटू वाले बाबा की कृपा से बनते हैं सब काम, खाटू की महिमा है न्यारी-बजाओ श्याम नाम की ताली।' भक्तिभाव का ऐसा समा बांधा कि हर कोई झूमने के लिए विविश हो गया। इससे पूरा परिसर खाटू श्याम बाबा की प्रेममय भक्ति के रंगों में डूबा रहा। लोग भजन के बीच में उठना भी नहीं चाहते थे। भजन खत्म होने के बाद ही वे व्यवस्था का हिस्सा बनते दिखाई दे रहे थे।

## सिटी लाइव

# दिव्यांगों ने विवाह से पहले दिया परिचय, सम्मेलन में 12 जोड़े तय



**रायपुर।** बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 16वें राज्य स्तरीय निः शुल्क दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए सुबह से ही लोग जरूरी दस्तावेज के साथ पंजीयन करवाने के लिए काउंटर पर पहुंचे। इसके बाद मंच से दिव्यांगों ने अपना परिचय दिया। इसमें 170 युवकों और 118 युवतियों ने अपनी पसंद और योग्यता के साथ ही वह किस तरह परिवार के लिए समर्पित भाव से आगे बढ़ाने में माता-पिता के साथ रहते हुए अलग-अलग प्रोफेशन से जुड़ी हैं, यह भी सम्मेलन के मंच पर बताया। दिव्यांगों को यह अवसर रविवार को अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, छत्तीसगढ़ प्रांत मारवाड़ी युवा मंच, रायपुर सेंट्रल, कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में मिला।

### इनकी मौजूदगी में आयोजन का शुभारंभ

इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल, संतोष तिवारी, पंकज अग्रवाल, मदनमोहन, डीएस कुशवाह, घनश्याम पोद्दार, संतोष बजाज अग्रवाल ने योगदान दिया। निशा अग्रवाल, सुमन गुप्ता, शकुंतला तिवारी के साथ कई महिलाओं ने परिचय सम्मेलन के लिए आए युवक-युवती के परिजनों से संवाद करके बेटे-बेटियों का रिश्ता तय कराने में सहयोग दिया। वहीं, सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में विकलांग चेतना परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक एवं विशिष्ट अतिथि विधायक रायपुर उत्तर पुरंदर मिश्रा रहे। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल एवं विकलांग चेतना परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल सहित सभी आयोजकों ने इसे सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## लाइव इवेंट

# वार्षिकोत्सव में नृत्यों की प्रस्तुति विजेताओं को मिला पुरस्कार



**रायपुर।** रोहिणीपुरम स्थित राणास पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव दीनदयाल उपाध्याय नगर के सेक्टर-2 सामुदायिक भवन में मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि रिटायर्ड नेवी ऑफिसर रूपेन्द्र साहू थे। अध्यक्षता प्रोफेसर लक्ष्मी शंकर निगम ने की। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत केबी राणा एवं निमिषा राणा ने किया। प्रोफेसर लक्ष्मी शंकर निगम ने अपने संबोधन में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ बच्चों के समुचित विकास के लिए पब्लिक स्कूल द्वारा किए जा रहे प्रयास के लिए समस्त स्टाफ को बधाई दी।

### एकल और समूह नृत्यों की शानदार प्रस्तुति

उन्होंने बताया कि बहुत जल्दी कक्षा 8वीं तक की मान्यता शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मिल जाएगी। वार्षिक उत्सव में बच्चों द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। वर्षभर हुई खेल और अन्य प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण भी अतिथियों के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन निमिषा राणा एवं मंच संचालन विभूति शर्मा ने किया। एजुकेशन सोसायटी के डायरेक्टर कृष्ण कुमार निगम, कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार निगम, प्रीति निगम, आशीष निगम के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ही स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालक भी इस आयोजन में प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## सिटी इवेंट

# स्थापना दिवस पर सेवा से जुड़े लोगों के बीच साझा की यादें



**रायपुर।** बच्चों के नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियों का सिलसिला चाहे किसी भी मौके पर हो, वह खास हो जाता है। बाल कलाकार काव्या राव, साई स्मिता, क्रिश्वित एवं अलीशबा की मन मोह लेने वाली प्रस्तुतियों ने हमेशा गंभीर नजर आने वाले बैंक कर्मियों और अधिकारियों के बीच उत्सव का माहौल बनाया। अवसर था सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस का। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक जयंत पॉल एवं उनकी टीम ने अपनी मधुर एवं मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। बैंक के स्थापना दिवस को खास बनाने के लिए रायपुर में आयोजन किया गया।

### कई लोगों का मंच पर किया सम्मान

मंच संचालन करते हुए संदीप प्रसाद एवं माधुरी मिश्रा ने प्रोग्राम को गति दी गई। बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ग्राहकों और अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। ग्राहकों में अचिन बनर्जी, शिशिर अग्रवाल, संजीव पोद्दार,अखिलेश्वर वर्मा, तुलसी पटेल, निशांत पटेल, डॉ. टीपी. जेठानी सहित कई लोगों की सहभागिता मंच पर रही। इनका सम्मान अधिकारियों ने किया। वहीं, बैंक के अंचल प्रमुख ने ग्राहकों के सामने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अब तक के सफर से जुड़ी यादों और लंबे सफर के बीच हासिल की गई उपलब्धियों को साझा करते हुए आने वाले समय के लिए तय लक्ष्य भी बताया।

---

**● आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में आयोजित मेगा कैंप में चौथे दिन 19,947 मरीजों की जांच व उपचार**

# मेगा हेल्थ कैंप में 1200 बच्चों को मिली स्वर्ण प्राशन की संजीवनी, सभी रोगों का मिला परामर्श

आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप में चौथे दिन आयुर्वेद विभाग में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन का लाभ मिला। आयुर्वेद के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. केबी श्रीनिवास ने बताया कि आयुर्वेद की यह पद्धति बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, बार-बार होने वाले संक्रमण से बचाव एवं शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होती है। यह श्वसन व अन्य रोगों से रक्षा करने, एकाग्रता और स्मरण शक्ति सुधारने की अचूक युक्ति है।





### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कैंप में बच्चों को कराया स्वर्ण प्राशन

मेगा हेल्थ कैंप में पहुंची राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया। उन्होंने आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 0 से 16 वर्ष के बच्चों को यह औषधि दी। उन्होंने कहा कि 'पहला सुख निरोगी काया' की भावना को चरितार्थ करते हुए बचपन से ही स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री ने आयोजकों एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के साथ सभी विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके भी मौजूद रहे।



**रायपुर।** रविवार को बच्चों को स्वर्ण प्राशन का लाभ पहुंचाने शिविर में विशेष पहल की गई। इसमें करीब 1200 बच्चों को स्वर्ण प्राशन के तहत यह लाभकारी औषधि दी गई। इसके अलावा चौथे दिन जांच, उपचार के लिए 19,947 मरीजों की भीड़ उमड़ी। इसमें सुपर स्पेशलिटी एम्स ओपीडी में 270, सामान्य ओपीडी में 370, मनोरोग विभाग 70, सर्जरी



के 80, हृदय रोग के 80, मेडिसिन के 250, श्वसन रोग के 80, यूरोलॉजी के 60, हड्डी रोग के 390, ईएनटी के 280, डेंटल के 820, नेत्र विभाग के 1100, फिजियोथैरेपी के 150, शिशु रोग विभाग में 100, वैकल्पिक चिकित्सा में आयुर्वेदिक 2500, एक्यूप्रेशर के 500, एक्यूपंक्चर के 125, जांच सेवाएं में एक्स-रे में 260, सोनोग्राफी में 380, ईसीजी में 100, एमआरआई के 10, सीटी स्कैन के 12, ब्लड सैंपल 4800, शुगर जांच 5200, अन्य पैथोलॉजी में 100 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। वहीं, दवाओं का भी वितरण किया गया, जिसमें 1250 लोगों को आयुर्वेदिक दवाएं व दिव्यांगों को 26 कृत्रिम अंग, 12 श्रवण यंत्र, 65 बैसाखी, 128 ट्राइसाइकिल, 8 व्हीलचेयर, 6 वॉकर उपलब्ध कराया गया।

### देशभर के 55 विशेषज्ञ आधुनिक तकनीक से कर रहे जांच व उपचार

शिविर में देश के 42 प्रतिष्ठित अस्पतालों के 55 विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और सिकंदराबाद से आए डॉक्टर गंभीर और जटिल बीमारियों की जांच व परामर्श कर रहे हैं। महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की जांच मैमोग्राफी और थर्मल स्कैनिंग मशीन से की जा रही है। मुंह, गले और बच्चेदानी के कैंसर की निःशुल्क स्क्रीनिंग हो रही है।

### समापन समारोह आज, राज्यपाल होंगे अतिथि

शिविर में सहयोग कर रहे 1500 पैरामेडिकल स्टाफ और 500 स्वयंसेवक व 500 कार्यकर्ताओं का आज सम्मान किया जाएगा। सम्मान व शिविर समापन समारोह दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका शिरकत करेंगे। वहीं, समारोह की अध्यक्षता महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल होंगे।

# रंग भरो, चित्रकला और शिशु वेशभूषा प्रतियोगिता प्रतिभागी स्वदेशी मेले में दिखा रहे हैं उत्साह

**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में जारी स्वदेशी मेला उत्सव में विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों ने ही नहीं, बल्कि स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भी होममेड प्रोडक्ट का स्टाल सजाया है। इनकी मेले में घूमने के लिए पहुंचने वाले लोग पूछ-परख भी कर रहे हैं। वहीं, मेला परिसर में दोपहर में रंग भरो, चित्रकला, शिशु वेशभूषा प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बनने वालों का अपना अलग वर्ग है। रंग भरो प्रतियोगिता के लिए 90 प्रतिभागी पहुंचे। दो वर्गों में वर्ग अ नर्सरी से कक्षा एक तक एवं वर्ग- ब- कक्षा 2 से 4 तक के विद्यार्थी शामिल हुए। रंग भरो में वन प्रकृति, प्राकृतिक लैंडस्केप और वन्य जीव विषय तय किया गया था। इसकी प्रभारी सुचित्रा बर्धन, अर्चना भाकरे, सुषमा झा, सतीश जिल्हारे, शिल्पी सोनवानी सहित कई एक्सपर्ट की टीम ने काम किया।



### ओड़िया समाज की प्रस्तुतियों ने मचाई धूम

वहीं, शाम को सांस्कृतिक मंच से स्वदेशी उत्पादों से लोगों को जोड़ने और जागरूकता बढ़ाने 'स्वदेशी का दीप' नामक नाटक की प्रस्तुति दी गई। इसे दर्शकों द्वारा अत्यधिक सराहा गया। नाटक की लेखिका और निर्देशिका सुजाता शुक्ला थी। सामाजिक समागम के अंतर्गत ओड़िया समाज द्वारा रंगारंग गीत-संगीत के साथ नृत्यों की श्रृंखला सजाई गई। इस अवसर पर ओड़िया समाज के जुगल किशोर प्रधान, प्रीति दास मिश्रा, डॉ. भवानी प्रधान को सक्रिय समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। मंचीय प्रस्तुति पीसी लाल यादव दूध मोगरा द्वारा दी गई। इस अवसर पर मेला संयोजक केदारनाथ, जसप्रीत सिंह सलूजा, स्वागत समिति अध्यक्ष आनंद सिंघानिया, सचिव अमरजीत सिंह छाबड़ा, महिला मेला प्रमुख आरती दुबे और सीमा शर्मा मौजूद रहीं।



### अलग-अलग वर्ग में आयोजित की प्रतियोगिता

शिशु वेशभूषा प्रतियोगिता भी दो वर्गों में की गई। इसमें 55 बच्चों ने भाग लिया। इसमें निणार्यक के रूप में इवा पांडे, प्रगति दुबे एवं उनकी टीम रही। इसमें विजेता मौर्या जोशी, शिवशंकर, रिशान देवांगन (भारत), अदिति शर्मा (छत्तीसगढ़ महतारी), वान्या कश्यप (राधा), अभिज्ञा शुक्ला (झांसी की रानी), आदया अन्वेशा (अखबार), स्तुति यादव (छत्तीसगढ़ महतारी) अयांश सतपथी (सिपाही), विहान ठाकुर (पायलट) के परिधान में बतौर प्रतिभागी लोगों को काफी प्रभावित किया। इस प्रतियोगिता की प्रभारी रेखा शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा, गौरी राव, स्वाति शर्मा, आराधना झा, सुनीता पाठक, कमल रंधावा, सुगंधा जैन और पूजा मोहिते रही।

### आज सुबह से शाम तक होंगी ये प्रस्तुतियां

स्वदेशी मेला में 22 दिसंबर को भारत सुन्दरता, धरोहर, संस्कृति विषय पर संगोष्ठी होगी। पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। मीडिया प्रभारी इंदिरा जैन ने बताया कि सामाजिक समागम में पंजाबी समाज द्वारा प्रस्तुति इस बार भी दी जाएगी। शाम को एकल नृत्य प्रतियोगिता भी होगी। इसके मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव, अध्यक्षता मंत्री गजेंद्र यादव करेंगे। वहीं, मंचीय प्रस्तुतियों में भी दर्शकों को विविधता देखने को मिलेगी।



# स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ की भूमिका पर हुई चर्चा, योगदान को किया याद

**रायपुर।** रविवार को पंडित सुन्दर लाल शर्मा जयंती के अवसर पर ठाकुर प्यारे लाल एवं विधान पुरुष पं. तिवधनश्याम सिंह गुप्ता तीनों महापुरुषों की स्मृति में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि अशोक तिवारी (पूर्व संग्रहालयाध्यक्ष), अरविंद मिश्र (वरिष्ठ साहित्यकार), स्वराज दास (पूर्व अतिरिक्त संचालक, जनसंपर्क) तथा इतिहासज्ञ के.के. अग्रवाल रहे। जागेश्वर ने संचालन किया। के.के. अग्रवाल ने तीनों महापुरुषों के इतिहास में योगदान का विस्तार से वर्णन किया। वरिष्ठ साहित्यकार अरविंद मिश्र ने प्रचलित तथ्यों से हटकर अनछुए प्रसंगों पर प्रकाश डाला। स्वराज दास ने स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। वहीं, अशोक तिवारी ने इन महापुरुषों के योगदान को किस प्रकार सहेजकर रखा जाए, इस विषय पर अपने विचार रखे। गोष्ठी में रसिक बिहारी अवधिया, रामेश्वर, जी.पी. चंद्राकर, सजीव साहू सहित अनेक प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सार्थक बनाया।

---

**एनआईटी रायपुर में पूर्व छात्र मिलन समारोह-2025 का हुआ आयोजन**

# एनआईटी के पूर्व छात्र-छात्राओं ने यादों के झरोखों से निहारा कैंपस, दिखे भावुक और खिले चेहरे

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** एलुमनी एसोसिएशन जीईसी-एनआईटी ने रविवार को गोल्डन टॉवर में संस्थान के पूर्व छात्रों का वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर 1965, 1975, 1985 एवं 2000 बैच के पूर्व छात्र शामिल हुए। वर्षों बाद कैंपस में आकर पूर्व छात्रों के चेहरे पर वही चमक और खुशी दिखी, जब वे पहली बार फ्रेशर छात्र के रूप में पढ़ाई करने पहुंचे थे। कक्षा, परिसर में पूर्व छात्र-छात्राएं आपस में मिले तो एनआईटी कैंपस का गोल्डन टॉवर की फिजा हंसी की फुहारों और भावुकता के वातावरण में सराबोर दिखा। किसी की आंखों में खुशियों की चमक वाली मोतियां आंसू की झड़ी बनकर भी बरसी तो किसी के हंसी फूलों की वर्षा जैसी हुई। इसमें 1985 बैच के पूर्व छात्र एवं डीआरडीओ के पूर्व निदेशक डॉ. एसवी गड़े ने यादों के झरोखे से विद्यार्थी जीवन, दोस्तों, शिक्षकों के



साथ बिताए गोल्डन एरा को साझा किया। उन्होंने लैब, क्लास रूम में पढ़ाई के साथ-साथ दोस्तों संग मस्ती, कुछ करने की जुनून को याद किया। वहीं, 2000 बैच के पूर्व छात्र नहलानी ने परिसर में वापसी को एक भावनात्मक अनुभव बताया। उन्होंने एनआईटी रायपुर में छात्र




जीवन के समृद्ध अनुभवों को साझा किया। इस एल्युमनी समारोह में अपने पुराने दोस्तों से मिल कर छात्र-छात्राओं ने एक- दूसरे को गले लगाकर वेलकम किया। साथ में पूरे समारोह में एक- दूसरे के साथ समय बिताते हुए कैंपस के पुराने दिनों की नोकझोंक फिर ताजा हुई। इससे समारोह आनंद और उत्साह से भर गया।

### पूर्व छात्रों ने ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ मारी एंट्री

समारोह में उपस्थित पूर्व छात्रों ने मस्ती भरे ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ आयोजन स्थल में प्रवेश किया, जिससे वहां का माहौल खुशनुमा हो उठा। कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव मुख्य अतिथि रहे। इसमें कोमल चंद पारख, सचिव, एलुमनी एसोसिएशन जीईसी-एनआईटी रायपुर, एलुमनी एसोसिएशन सदस्य, पूर्व विद्यार्थी, संकाय सदस्य एवं छात्राएं भी उपस्थिति रहीं। समारोह में पूर्व छात्रों को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, विशिष्ट पूर्व छात्र सम्मान एवं बैच-वार सम्मान सहित विभिन्न सम्मान दिए गए। । कार्यक्रम का समापन पूर्व छात्रों द्वारा शिक्षकों के सम्मान के साथ गरिमामय ढंग से हुआ।

### पूर्व छात्रों ने स्मार्ट क्लास रूम और कॉन्फ्रेंस हॉल का किया शुभारंभ

सबसे पहले एलुमनी एसोसिएशन के सहयोग से नवनिर्मित दो स्मार्ट क्लास रूम और गोल्डन टॉवर में बने कॉन्फ्रेंस रूम का उद्घाटन किया गया। संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे ने अपने वीडियो संदेश में संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच गहरे भावनात्मक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 20 स्मार्ट कक्षाओं के निर्माण के लिए एलुमनी का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो चुका है। वहीं, 20 और कक्षाओं को स्मार्ट करने की योजना है।

## हेल्थ टिप्स

## विजय हजारे ट्रॉफी में अमन होंगे कप्तान, मैच जयपुर में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2025 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। यह टीम 24 दिसंबर से बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेंगी। कप्तान बीएसपी के अमनदीप खरे बनाए गए हैं। अन्य खिलाड़ियों में राजनादगांव से अजय मंडल, हर्ष साहू विकेटकीपर, विकल्प तिवारी, रायपुर से अनुज तिवारी, आयुष पांडे, प्रतीक यादव, सरगुजा से आशुतोष सिंह, कांकेर से हर्ष यादव, भिलाई से मयंक वर्मा विकेट कीपर, बिलासपुर से मयंक यादव, मोहित रावत, बीसीए से संजीत देसाई, रायगढ़ से शुभम अग्रवाल, बस्तर से सौरभ मजूमदार, प्रोफेशनल के तौर पर एम रवि किरण और आदित्य सरवटे शामिल है। छत्तीसगढ़ की टीम के मैच 24 दिसंबर से होंगे। जिसमें पहले दिन गोवा के विरुद्ध जयपुरिया विद्यालय मैदान जयपुर, 26 दिसंबर को पंजाब के विरुद्ध सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर, 29 दिसंबर को मुंबई के विरुद्ध जयपुरिया विद्यालय ग्राउंड जयपुर, 31 दिसंबर को सिक्किम के विरुद्ध सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर, हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध 3 जनवरी को अनंतम मैदान जयपुर, 6 जनवरी को महाराष्ट्र के विरुद्ध अनंतम मैदान जयपुर और 8 जनवरी को उत्तराखंड के विरुद्ध जयपुर में मुकाबला होगा।

## रायपुर व दुर्ग की टीम पहुंची फाइनल में, पारी एलिट ग्रुप की



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के तीसरे एवं अंतिम दिन शानदार खेल से दर्शक रूबरू हुए। दल्ली राजहरा में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध दंतेवाड़ा में रायपुर ब्लू ने एक पारी एवं 17 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा टीम दूसरी पारी 229 रन पर आउट हो गई। हंसराज ने 79 रन, अंशप्रीत सिंह ने 53 रन एवं शेख शाहिद ने 45 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के वेदांत जैन ने 6 विकेट, सागर निषाद ने तीन विकेट एवं तेजस्वी कलभोर ने एक विकेट लिए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम दुर्ग विरुद्ध कोरबा में परिणाम मैच ड्रॉ रहा। दुर्ग को पहली पारी में बढ़त मिली। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी कल के अपने स्कोर बिना कोई विकेट खोए 35 रन से आगे खेलते हुए 6 विकेट पर 311 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। रुद्र शुक्ला ने 85 रन बनाएं। कप्तान आदित्य वर्मा ने 78 रन, समर्थ मूलवानी ने 74 रन, आनंद त्रिपाठी ने 37 रन और युगदेश लहराने ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में कोरबा के अनुज शर्मा दो विकेट, अमर्त्य पटेल, अंश जायसवाल लवकेश यादव एवं कृष अग्रवाल ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में कोरबा ने दूसरी पारी बिना कोई विकेट खोए 18 रन बनाए। इस प्रकार फाइनल में प्रवेश करने वाली रायपुर ब्लू एवं दुर्ग की टीम सीएससीएस द्वारा आयोजित की जाने वाली एलिट ग्रुप की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

## बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग एवं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप राजधानी में 3 से



**रायपुर।** बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर लाल सोनी की स्मृति में बॉडी बिल्डिंग और स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को बुद्धेश्वर मंदिर भवन बूढ़ा तालाब रायपुर में किया जा रहा है। बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार एवं छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शीतलेश पटेल ने बताया कि 3 जनवरी को पावर लिफ्टिंग दिन में एवं रात में मिस्टर रायपुर बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता होगी। 4 जनवरी को छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और द्वितीय मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता होगी। छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 2 लाख से अधिक इनामी राशि दी जाएगी। वूमेन मिस छत्तीसगढ़ के प्रथम विजेता को 15000, द्वितीय को 10000 और तृतीय को 5000 नगद इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे बड़ी इनामी राशि है पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप एवं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप की प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 12 से 15 फरवरी को कोलकाता में आयोजित नेशनल चैंपियशिप में भाग लेंगी। सभी खिलाड़ियो को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

### अप्रभावी होते एंटीबायोटिक से जन स्वास्थ पर अदृश्य संकट बढ़ रहा

# एंटीबायोटिक का तेजी से बेअसर होना चिंताजनक इन्हें इस्तेमाल करने से पहले जान लें सब कुछ

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते हैं जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते है जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है। यह बेहद खतरनाक चिकित्सीय स्थिति हो सकती है क्योंकि इससे बीमार लोगों के लिए उपचार के विकल्प घट जाते हैं, जिससे प्रभावी उपचार में भी देरी हो सकती है। परिणामस्वरूप, गंभीर, लम्बी बीमारी और मृत्यु का जोखिम, और इलाज में देरी जैसी स्थितिया आम होती जाएगी।



### जीवित रहने परिवेश के हिसाब से ढलना जरूरी

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एक प्रकार का रोगाणुरोधी प्रतिरोध है, जो सूक्ष्मजीवी द्वारा किसी भी दवा के लगातार उस पर नियंत्रण के लिए उपयोग के कारण उसके बचाव में विकसित कर लेती है। बैक्टीरिया के साथ साथ, वायरस और अन्य कई परजीवी भी किसी भी दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। इसमें गूढ़ बात है कि हमारा शरीर एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस विकसित नहीं करता बल्कि शरीर को बीमार करने वाला सूक्ष्मजीवी ही दवा को अप्रभावी बना देता है। नतीजतन किसी खास रोगकारक जीवाणु के खिलाफ एंटीबायोटिक्स कम प्रभावी हो जाता है।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस धीरे धीरे एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या का रूप ले रही है। इसका मतलब है कि इसके प्रभाव में ना सिर्फ कोई एक मरीज होता है बल्कि यह सामूहिक रूप से जीवाणु संक्रमण के प्रभावी ढंग से इलाज को कमजोर कर सभी को प्रभावित कर रह है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जब जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए बार बार एंटीबायोटिक्स का उपयोग करते हैं, तो वे जीवाणु धीरे धीरे अपने आप को एंटीबायोटिक्स के जीवाणु पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचाव के तरीके विकसित करने लगते है यानी चमका देने लगते है। इसका मतलब यह नहीं है कि आपका शरीर एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो रहा है। इसका मतलब है कि बैक्टीरिया (जो किसी समय आपके शरीर को प्रभावित कर सकते हैं) पर अब एंटीबायोटिक दवाओं से उतना आसानी से प्रभाव नहीं पड़ता, जितना पहले होता था। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस सभी बैक्टीरिया में सामान रूप से विकसित नहीं होता है पर कुछ खास बैक्टीरिया समूह विश्व स्तर पर एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों से होने वाली सबसे अधिक मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। इस सूची में ई.कोलाई के अलावा स्टैफिलोकोकस ऑरियस, स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया, क्लेबसिएला न्यूमोनिया, एसिनेटोबैक्टर बाउमानी और स्यूडोमोनस एरुगिनोसा प्रमुख जो अब सुपरवग बन चुके है! ये मुख्य रूप से सांस, त्वचा और खान पान के संक्रमण के साथ साथ न्यूमोनिया, पेशाब के रास्ते का संक्रमण हॉस्पिटल से होने वाले संक्रमण के लिए जिम्मेदार है!

### एंटीबायोटिक का अंधाधुंध इस्तेमाल खतरनाक

एक शोध के अनुसार 1990 से 2024 के दरम्यान एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से सालाना एक मिलियन से अधिक लोगों की मौत हो रही है और अगर एंटीबायोटिक का इसी तरह बे-रोक-टोक इस्तेमाल जारी रहा तो दवाएं बेअसर होती जाएंगी और साल 2050 तक इससे होने वाली मौत का दायरा बढ़ कर कैंसर के कारण होने वाली मौत से भी ज्यादा हो जायेगी। मेडिकल जर्नल द लेंसेट' में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक, एंटीबायोटिक और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के कारण अगले 25 सालों में 3 करोड़ 90 लाख लोगों की मौत हो सकती है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस चीन में सबसे अधिक प्रभावी है, उसके बाद कुवैत व अमेरिका का स्थान है।



## जिंदल स्टील के निशानेबाजों ने राष्ट्रीय शॉटगन में जीते खिताब


गुरजोआत सिंह खंगुरा


मिराज अहमद खान

**रायपुर।** जिंदल स्टील के खिलाड़ियों ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप (एनएसएससी) में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। प्रतियोगिता में जिंदल स्टील समर्थित समूह ने कई स्वर्ण और रजत पदक जीतकर भारत में उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।इस प्रदर्शन में गुरजोआत सिंह खंगुरा ने पुरुष स्किट स्पर्धा में 2025 राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। रैंक-1 पर रहते हुए खंगुरा ने फाइनल में दमदार प्रदर्शन किया और अनुभवी ओलंपियनों सहित कड़े प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की।महिला वर्ग में उभरती हुई स्टार राइज़ा ढिल्लों ने स्किट शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। ढिल्लों ने महिला स्किट और जूनियर महिला स्किट—दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। उनका यह डबल-पोडियम प्रदर्शन उन्हें भारतीय शूटिंग की सबसे आशाजनक युवा प्रतिभाओं में शामिल करता है।


राइज़ा ढिल्लो



## खरमास में कर लें धार्मिक उपाय, जगत के पालनहार की बरसने लगेगी कृपा

इन दिनों खरमास चल रहा है। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही खरमास प्रारम्भ हो जाता है। इस दौरान कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। आइए जानते हैं खरमास में ईश्वर की कृपा पाने और अपने पुण्यों की वृद्धि करने के लिए क्या उपाय करें

### सूर्य की उपासना

खरमास में रोजाना सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। इससे आपको कभी रोग दोष नहीं होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस महीने में नित्यप्रति सूर्य भगवान की पूजा करना और आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ करना बहुत फलदाई माना जाता है। पाप नाशक और पुण्य वृद्धि कारक भगवान सूर्य को इस मंत्र- 'सूर्यदेव महाभाग ! त्र्योक्य तिमिरापह। मम पूर्व कृतंपापं क्षम्यतां परमेश्वरः। को पढ़ते हुए अर्घ्य देने से आयु, विद्या बुद्धि और यश की प्राप्ति होती है। उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा, संतान और यश-कीर्ति की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा, प्रतियोगिता में सफलता, करियर में कामयाबी के लिए लोगों को प्रातः उदय होते लाल सूर्य की आराधना करनी चाहिए।

### श्रीकृष्ण की पूजा का महत्व

खरमास में भगवान श्रीकृष्ण के मंत्रों के जाप से आपको कभी किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।



## केजरीवाल्स तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेटे में मुकाबले जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति की ओर से केजरीवाल्स तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में आयोजित की गई। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण के विधायक एवं रायपुर लोकसभा के पूर्व सांसद सुनील सोनी थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने की। विशेष अतिथि प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक एवं मास्टर्स राष्ट्रीय खिलाड़ी विनय केजरीवाल एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के सचिव प्रेमराज जाचक एवं मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी शकील साजिद ने किया। प्रतियोगिता में सभी वर्गों के सुपर लीग के मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें अभी तक खेले गए मैचों के अंतिम में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में रजनीश ओबेराय (दुर्ग), नामित कोठारी (रायपुर), शैलेश डागा (रायपुर), पार्थो देवघरिया (कोरबा), निशांत क़ानूगा (रायपुर), चिरंजीत राय (रायपुर महानगर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें रजनीश ओबेराय (दुर्ग), शैलेश डागा (रायपुर), निशांत क़ानूगा (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। पुरुष एकल (आयु वर्ग 50) में राजेश अग्रवाल (रायपुर), बी. रविकांत (बिलासपुर), राजशेखर शर्मा (रायपुर महानगर), प्रमोद शार्दुल (धमतरी), राजेश लुनिया (रायपुर), संजय दुबे (दुर्ग) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें राजेश लुनिया (रायपुर), राजशेखर शर्मा (रायपुर महानगर) और राजेश अग्रवाल (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे है। पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में संजय लहेजा (बिलासपुर), पराग दोषी (रायपुर), अरविन्द कुमार शर्मा (रायपुर महानगर), प्रशांत बापट (रायपुर), गिरिराज बागड़ी (रायपुर), हनी अरोरा (बिलासपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें संजय लहेजा (बिलासपुर), गिरिराज बागड़ी (रायपुर), अरविन्द कुमार शर्मा (रायपुर महानगर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। पुरुष एकल (आयु वर्ग 65) में पी.एन. मजुमदार (कोरिया), के. रविशंकर (बिलासपुर), अरुण बावरिया (रायपुर), हरीश पांडे (रायपुर), अजीत बेनर्जी (रायपुर), सुरेश दुबे (रायपुर), एस. व्ही पेंढारकर (रायपुर महानगर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें के. रविशंकर (बिलासपुर), अजीत बेनर्जी (रायपुर), एस.व्ही। पेंढारकर अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। पुरुष एकल (आयु वर्ग 70) में सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर), डा. भरत अग्रवाल ( खैरागढ़), के.बी. सिंह (रायपुर), एम.आर. निरापुरे (रायपुर महानगर), टी.के. डे (बिलासपुर), जी.एल. अग्रवाल (रायपुर महानगर), के.वेंकट प्रसाद (बिलासपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं। जिसमें सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर), के.बी. सिंह (रायपुर), के.वेंकट प्रसाद (बिलासपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं।महिला एकल (आयु वर्ग 40) में दिव्या आमदे (रायपुर महानगर), डा. स्वाति बांठिया (रायपुर), मोनिका दीवान (बिलासपुर), निखत परवीन अंसारी (रायपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं। जिसमें दिव्या आमदे (रायपुर महानगर) और डा. स्वाति बांठिया (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। महिला एकल (आयु वर्ग 50) में प्रमिला ठाकुर (रायपुर महानगर), रेणुका सुब्बा (रायपुर), गीता पंडित (रायपुर) के मध्य अंतिम मुकाबले खेले जा रहे हैं। महिला एकल (आयु वर्ग 65) में सुश्री ईरा पंत (रायपुर), गौरी डे (बिलासपुर), सरबरी मोइत्रा (बिलासपुर), सुमंत चतुर्वेदी (बिलासपुर) के मध्य अंतिम मुकाबले खेले जा रहे हैं।

























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जिस डायरेक्टर को ईरान ने सुनाई सजा उसे न्यूयॉर्क दे रहा था अवॉर्ड



जिस डायरेक्टर को ईरान ने सुनाई सजा उसे न्यूयॉर्क दे रहा था अवॉर्ड, कभी केक में छिपाकर भेजी थी फिल्म कान फिल्म अवॉर्ड विनर डायरेक्टर को जेल की सजा सुनाई गई है। ईरानी फिल्म निर्माता जाफर पनाही को राजनीतिक व्यवस्था के खिलाफ दुष्प्रचार करने के आरोप में ये सजा दी गई है। उनके वकील ने बताया कि यह सजा उसी दिन दी गई है, जिस दिन उनकी नई फिल्म ने अमेरिका में कई पुरस्कार जीते।

ईरान की एक अदालत ने मशहूर फिल्म निर्देशक जफर पनाही को एक साल जेल की सजा सुनाई है। जफर पर 'शासन के खिलाफ दुष्प्रचार गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में उन्हें दोषी करार देते हुए एक साल की जेल की सजा सुनाई है। पनाही के वकील मुस्तफा नीली ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में बताया कि कोर्ट ने उनके मुवक्किल के दो साल तक ईरान से बाहर जाने पर भी रोक लगा दी है। नीली ने बताया कि पनाही इस फैसले को अब ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। पनाही को ऐसे समय में ये सजा सुनाई गई है, जब वह न्यूयॉर्क में आयोजित एनुअल गोथम अवॉर्ड फेस्टिवल में अपनी फिल्म 'इट वॉज जस्ट ऐन एक्सिडेंट' के लिए तीन अवॉर्ड हासिल कर रहे थे। उन्हें यहां बेस्ट डायरेक्टर समेत तीन पुरस्कार न्यूयॉर्क में मिले। बता दें कि 'इट वॉज जस्ट ऐन एक्सिडेंट' को इस साल के कान फिल्म समारोह में पाल्म डी'ओर अवॉर्ड से भी नवाजा गया था।पनाही ने अपनी सजा पर फिलहाल कोई कॉमेंट नहीं किया है।

### टॉलीवुड

## मनोज मांचू की 'डेविड रेड्डी' की पहली झलक आई सामने, एक्शन अवतार में दिखे अभिनेता




तेजा सज्जा की फिल्म 'मिराय' में विलेन की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनोज मांचू अब नई एक्शन पैक्ड फिल्म लेकर आ रहे हैं। उ न की आगामी पैन इंडिया फिल्म 'डेविड रेड्डी' की शूटिंग शुरू हो गई है। अब फिल्म की हिंदी झलक भी सामने आई है। 2 मिनट 39 सेकंड के इस वीडियो में जमकर एक्शन देखने को मिलता है। फिल्म की कहानी 1897 से 1922 के समय पर आधारित है। इसलिए इसकी पहली झलक में भी सुभाष चंद्र बोस और ब्रिटिश साम्राज्य के बारे में सुनने को मिलता है। फर्स्ट ग्लिप्स में दिखाया गया है कि कैसे अंग्रेजों से मुकाबला करने के लिए एक फैक्ट्री में हथियार बनाए जा रहे हैं। इस अनाउंसमेंट वीडियो में दिखाया गया है कि जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार के बाद अंग्रेजों के खिलाफ भारतीयों में गुस्सा था। इन्हीं से मुकाबला करने के लिए डेविड रेड्डी नाम के एक व्यक्ति ने खुद हथियार बनाने की ठानी। फिल्म में मनोज मांचू को फुल एक्शन हीरो के अवतार में दिखाया गया है। फिलहाल अभी सिर्फ फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

हनुमा रेड्डी यक्कंती द्वारा निर्देशित यह एक्शन पैक्ड फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस अब मनोज मांचू को इस अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं।

मनोज मांचू इससे पहले तेजा सज्जा की मायथोलॉजिकल-सुपरनेचुरल फिल्म 'मिराय' में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने निगेटिव भूमिका निभाई थी। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब मनोज मांचू अपनी मुख्य भूमिका वाली इस एक्शन फिल्म को लेकर तैयार हैं।

### भोजपुरी

## जख्मी हाथ के साथ डांस करती दिखीं अक्षरा, कहा-दर्द हो या खुशी, गाना चलते रहना चाहिए



अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा जगत का एक चर्चित नाम हैं। वे अभिनय और गायिकी दोनों ही मामलों में अव्वल हैं। उनका नया गाना 'झुमका सवा लाख के' रिलीज हुआ है। उन्होंने फैंस के साथ यह खबर साझा की है। इसके अलावा इस गाने पर एक रील भी शेयर की है। अक्षरा ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उनके हाथ में चोट लगी है और प्लास्टर बंधा है। अक्षरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे रेड टॉप और ब्लैक शॉर्ट्स पहनकर अपने नए गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'गाना 'झुमका सवा लाख के' रिलीज हो गया है। दर्द हो या खुशी, गाना चलते रहना चाहिए। आदमी को हालात नहीं, अपना एटीट्यूड और माइंडसेट बदलना चाहिए'। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर यूजर्स ने चिंता जाहिर करते हुए पूछा है कि उनके हाथ में क्या हुआ है? फैंस पूछ रहे हैं, 'आपके हाथ में क्या हो गया है?' एक अन्य यूजर ने पूछा, 'आपका डांस धमाकेदार है, लेकिन हाथ में चोट कैसे लगी आपको'? एक अन्य यूजर ने पूछा, 'आप लाखों नहीं, करोड़ों में एक हो अक्षरा जी'। बात करें अक्षरा सिंह के हालिया रिलीज गाने की तो 'झुमका सवा लाख के गाने को उन्होंने अपनी सुरीली आवाज में गाया है। इसके अलावा इस गाने को उन्हीं के ऊपर फिल्माया भी गया है। गाने के बोल रवि चौहान ने लिखे हैं। गाने को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। यूजर्स लिख रहे हैं, 'आप शेरनी हैं और शेरनी बनकर ही रहिएगा'। कुछ यूजर्स ने लिखा है, 'भोजपुरी की शेरनी'।

### डिजाइन में एआई

लाइफ स्टाइल



वोग ग्लोबल कन्वर्सेशन्स में फैशन इंडस्ट्री के प्रोफेशनल्स ने भविष्य के फैशन पर चर्चा की। इस दौरान वोग रनवे की निकोल फेल्प्स ने बाल्मेन की क्रिएटिव डायरेक्टर ओलिवियर राउस्टिंग, बालेंसियागा की सीईओ सेड्रिक चार्बिट और लेवी–क्लो की क्रिएटिव डायरेक्टर नताशा रामसे के इस बातचीत में एआई के इस्तेमाल से फैशन इंडस्ट्री पर होने वाले असर पर भी चर्चा हुई।

## हुडी पहनने के मॉडर्न तरीके, बढ़ाएंगे आपकी शान



सर्दी मेंस्टाइलिश से स्टाइलिश बंदे को अपने लुक की चिंता हो जाती है। हुडी पहनते हुए भी वो यही सोचते हैं कि लुक तो बिगड़ेगा ही। लेकिन हुडी पहनते हुए भी पर्फेक्ट दिखना है तो आपको इसे पहनने के ये मॉडर्न तरीके जरूर आजमाने होंगे। ये मॉडर्न तरीके आपकी फैशन स्टाइल को अप जरूर करेंगे। इन तरीकों पर डालते हैं एक नजर-

### लेयर्ड लुक

हुडी अपने आप में पूरी मान ली जाती है और अक्सर लोग इसके साथ किसी भी अपर ड्रेस को पहनने के बारे में सोचते भी नहीं हैं। लेकिन हुडी को लेयरिंग में पहनकर आप मॉडर्न लुक पा सकते हैं। इस लुक को पाने के लिए जिप हुडी भी ली जा सकती है। इस जिप हुडी के ऊपर ओवेरकोट पहनिए और नीचे क्रू नेक टी शर्ट।

### एथलेजर लुक

एथलेजर आजकल के ट्रेंड का हिस्सा है। इसमें जिम वियर और कैजुअल वियर दोनों का लुक आता है। आप हुडी के साथ भी ये लुक आसानी से पा सकते हैं।

इसके लिए आप एक ब्लैक हुडी ले लीजिए। अब इस हुडी को फिटेड ब्लैक जॉगर्स के साथ पहनिए। इसके साथ लेदर लुक वाली स्लीपर भी पहनी जा सकती है।

### लेदर जैकेट लुक

पहली बार में लेदर जैकेट और हुडी का कोई कॉम्बिनेशन नजर नहीं आता है। लेकिन ये एक अच्छा कॉम्बो है। जिसमें लुक बेहतरीन आता है।

इस लुक के साथ ब्लैक लेदर जैकेट चाहिए होगी और साथ में काली या इंडिगो कलर की जींस भी। अब कई रंगों की हुडी के साथ प्रयोग करें। साथ में बूट्स पहनें, ये एक क्लासिक लुक बनकर तैयार हो जाएगा।

### सूट लुक

इस स्पोर्ट्स कम सूट लुक के लिए आपको एक हल्के मटेरियल वाली ग्रे कलर की हुडी चाहिए होगी। इसके साथ चारकोल ग्रे सूट हो तो और भी अच्छा। अब इस लुक को सबसे अच्छा टच देंगे सफ़ेद स्नीकर। ऑफिस गोइंग जूते न पहनकर स्नीकर पहनेंगे तो आपका लुक कॉम्बिनेशन वाला बन जाएगा।

### बेसिक मॉडर्न लुक

बेसिक मॉडर्न लुक पाने के लिए आपको न्यूट्रल कलर की हुडी चाहिए होगी। इसमें आप ट्राउजर्स ले लीजिए और स्पोर्ट्स स्नीकर्स बस ये लुक तैयार है। कह सकते हैं ये लुक तैयार करना सबसे आसान है। अगर आप ज्यादा एक्सपेरीमेंट कर लेते हैं तो बॉटम में थोड़े प्रिंट भी चुन सकते हैं।

## पार्टी में स्कर्ट और जींस के साथ वियर करें जैकेट, दिखेंगी स्टाइलिश





न्यू ईयर की पार्टी में कई महिलाएं न्यू लुक पाने के लिए स्कर्ट या जींस वियर करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप चाहती हैं कि आप स्टाइलिश नजर आए तो आप जींस और स्कर्ट के साथ ये न्यू डिजाइंस वाली जैकेट स्टाइल कर सकती हैं। यह जैकेट स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस जैकेट को स्टाइल करने के बाद जहां आपको ठंड भी नहीं लगेगी तो वहीं आपका भी सबसे अलग नजर आएगा।


### फॉक्स जैकेट

इस तरह की जैकेट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। यह जैकेट शॉर्ट में है साथ लॉन्ग स्लीव्स और कॉलर डिजाइन में है। इस तरह की ड्रेस को आप ब्लैक या व्हाइट जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह जैकेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएगा जिसे आप न्यू ईयर की पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस जैकेट आप ऑनलाइन या ऑफलाइन 1,000 से कम कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप डार्क कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं।

### जियोमेट्रिक डिजाइन जैकेट

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की जियोमेट्रिक जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस को आप स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस जैकेट में आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा और इस तरह की जियोमेट्रिक डिजाइन जैकेट आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,200 रुपये की कीमत में मिल जाएंगी। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की जैकेट जींस साथ ही स्कर्ट दोनों ही आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट है।

### डेनिम जैकेट



डेनिम जैकेट हर दम ट्रेंड में रहती हैं और स्टाइलिश लुक के लिए आप इसे व्हाइट जींस या स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती है। इस तरह की जैकेट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

## कोहनी हो रही काली तो घबराएं नहीं, अपनाएं उपाय




अगर आप भी काली कोहनी से परेशान हैं, तो आप कुछ तरीकों से अपनी कोहनी और घुटनों को चमकदार बना सकते हैं। आप अपनी काली कोहनी और घुटनों को चमकदार बनाने के लिए एलोवेरा जेल लगा सकते हैं। लगभग आधे घंटे तक लगाकर रखें और फिर साफ कर लें। इससे आपको काफी मदद मिल सकती है।

काली कोहनी और घुटनों को चमकदार बनाने के लिए आपको पहले थोड़ा हल्दी पाउडर लना है और फिर इसमें नींबू का रस डाल लें। इसके बाद इसका मिश्रण तैयार कर लें और फिर इसे घुटनों और कोहनी पर लगाएं। अब जब ये सूख जाए, तो स्क्रब करते हुए धो लें।

इसके लिए आपको बेसन में थोड़ा पानी डालकर एक पेस्ट तैयार करना है। फिर इस पेस्ट को घुटनों और कोहनी पर लगाएं। अब कुछ देर इसे लगाकर छोड़ दें और फिर पानी से धो लें।सबसे पहले आपको एक कटोरी में शहद, चीनी और नींबू का रस डालना है और इसका मिश्रण तैयार कर लेना है। अब इस तैयार किए गए पेस्ट को कोहनी और घुटनों पर लगा लें। फिर थोड़ी देर बाद पानी से धो लें। ऐसा करके आपको लाभ मिल सकता है।

## सेलो स्किन की समस्या है तो ऐसे रखें ध्यान



आपकी स्किन का लगातार प्राकृतिक रंग खोना 'सेलो स्किन' प्रॉब्लम का संकेत हो सकता है। इस स्किम प्रॉब्लम में त्वचा का रंग बदलकर भूरा या हल्का पीला पड़ने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो आपको इसके कारणों का पता होना चाहिए और इस पर फौरन ध्यान देना चाहिए।

### विटामिन और खून की कमी

जैसे पूरी तरह से स्वस्थ रहने के लिए भरपूर खाद्य पदार्थ जरूरी हैं, उसी तरह स्वस्थ और चमकदार स्किन के लिए विटामिन खासतौर पर विटामिन सी और शरीर में प्रर्याप्त मात्रा में खून होना जरूरी है। सेलो स्किन से बचने के लिए आपको संतुलित और विटामिनयुक्त आहार जरूर ग्रहण करना चाहिए। वरना स्किन रूखी और छुर्रीदार होने लगेगी।

### पर्याप्त पानी

पानी और स्वस्थ्य स्किन का बहुत गहरा संबंध है। पर्याप्त पानी पीने से पेशाब के माध्यम से शरीर के हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही स्किन को हाइड्रेड रखते हैं, जिससे स्किन रूखी नहीं होती, इसलिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पिएं।

### तनाव से बचाव, पर्याप्त नींद

किसी भी तरह का तनाव व पर्याप्त नींद न लेना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से नुकसानदायक होता है, जो आपकी स्किन पर विपरीत प्रभाव डालता है। यही धीरे-धीरे दुष्प्रभावित होकर सेलो स्किन का कारण बनता है। इसलिए पर्याप्त नींद लें और तनाव से बचें।

कार्नर न्यूज

### बाजार से एसेसरीज लेने से पहले इंटरनेट जरूर खंगाल लें

## स्टाइलिश मैन बनने के लिए जरूरी एसेसरीज अपनाने से पहले ध्यान में रखें टिप्स, मिलेगी तारीफ

सस्ती और जरूरी एसेसरीज, जिनसे हर पुरुष बन जाएगा आप अक्सर ही शॉपिंग करते रहते हैं? इस शॉपिंग का हर सामान इस्तेमाल में आ भी पाता है? अलमारी में ऐसे कपड़ों की भरमार हो चुकी है, जो खरीदने के बाद अब आप पहनते ही नहीं हैं?

अगर आपके साथ ऐसा होता है तो अब ऐसी चीजों की शॉपिंग करें जो आपके काम आए हमेशा जो आपको स्टाइलिश बनाने में 100 प्रतिशत योगदान भी करें। ये कुछ ऐसी एसेसरीज हैं, जो आपके स्टाइल में चार-चांद लगा देंगी।

इन्हें न हर कुछ दिन में बदलने का झंझट है और न ही रखरखाव का। ये एसेसरीज आपके स्टाइल के लिए बेस्ट साबित होंगी। इन्हें यूज करने के बाद आपको अपने लुक के लिए ज्यादा सोचने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इन एसेसरीज से रूबरू हो लीजिए, ये आपके काम जरूर आएंगी। लेकिन इससे पहले इंटरनेट खंगालना चाहें तो सर्च के विकल्प ये रहे



### पुरुषों के लिए जरूरी एसेसरीज

पुरुषों के लिए रुमाल कितनी जरूरी चीज हैं, ये बात सिर्फ वो ही जानते हैं। लेकिन फिर भी सालों तक पुराने रूमालों का इस्तेमाल करते रहना उन्हें काफी पसंद है। जबकि लोगों के बीच में जब आप पुराने और खराब दिखने वाले रुमाल निकालते हैं तो अच्छा बिल्कुल नहीं लगता है। इसलिए समय-समय पर नए रुमाल खरीदते रहना जरूरी हो जाता है। कुछ एसेसरीज जिन्हें नियम से खरीदते रहना है, उनमें रूमाल को शामिल कर लीजिए।

### नोज क्लिपर्स ले लीजिए

नाक से निकलते बाल अक्सर ही परेशानी बन जाते हैं। इन बालों को यूं हीं छोड़ देने से अच्छा है कि इसके लिए एक अच्छी क्वालिटी का नोज क्लिपर ले लिया जाए। इस तरह से आपके लुक को खराब करते नाक के बालों से आपको छुटकारा मिल जाएगा। इनको काटते समय ध्यान रखिएगा कि ये वही बाल हैं, जो लुक पर की गई आपकी सारी मेहनत को बेकार कर देते हैं। इसको नियम से काटने के लिए क्लिपर खरीदिए लेकिन इस पर बहुत खर्चा नहीं करना है। इससे आप किसी को इम्प्रेस (Impress) ऐसे भी नहीं कर पाएंगे। इसको बहुत महंगा खरीदने से अच्छा है कि जरूरत के हिसाब से वाजिब दाम वाला क्लिपर ले लें। आप इलेक्ट्रिक नोज क्लिपर भी ले सकते हैं।

### कंसीलर है जरूरी

हो सकता है कि आप पुरुषों के मेकअप वाले फंडे को न मानते हों। लेकिन सिर्फ एक कंसीलर से आप फुल मेकअप वाले रूप में नहीं आ जाएंगे। बल्कि ये आपको स्टाइलिश दिखने में मदद ही करेगा।

ये आपके चेहरे की रौनक को कम करने वाले दाग-धब्बों को कम कर देगा। आपको अपने चेहरे की कमियां अलग से नहीं दिखेंगी और आप पूरी तरह से स्मार्ट दिखेंगे वो अलग। इससे आप दाग-धब्बे ही नहीं बल्कि रोजमर्रा में होने वाले रेजर बर्न भी छुपा सकते हैं। ये कंसीलर तब आपके और भी काम आएगा, जब जरूरी मीटिंग या जॉब इंटरव्यू हो। इस वक्त सबसे पहले नजर आपके चेहरे पर ही पड़ती है। ऐसे में चेहरे की चमक के नंबर तो पक्के हैं।

### घड़ी हो जानदार

आपके पास घड़ी होना कोई बड़ी बात नहीं है। बल्कि ये एक न एक हर पुरुष के पास होती ही है। लेकिन फिर भी अगर एक अच्छी घड़ी ले ली जाए तो समझिए कि आपके लुक को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक घड़ी आपको स्टाइलिश बनाने के लिए काफी है। इसलिए अगली बार खुद पर कुछ भी खर्चा करने से पहले एक अच्छी घड़ी खरीद लीजिए।

